


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 115

ग्वालियर, मंगलवार, 15 जून, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




# मैं या तुम नहीं हम मिलकर बनायेंगे प्रदेश का इतिहास

### तीसरी लहर को रोकना भी है और दुनिया भी चलानी है

### स्वास्थ्य, रोजगार, शिक्षा और सभी वर्गों का कल्याण है प्राथमिकताएँ

### मैं या तुम नहीं हम मिलकर बनायेंगे प्रदेश का इतिहास

### मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सीहोर में मंत्रि-परिषद के सदस्यों के साथ किया गहन विचार-मंथन

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इस समय हमारे सामने दोहरी चुनौती है। कोविड-काल में आप लोगों ने अपने प्रभार के जिलों में कोविड संक्रमण रोकने के लिए निरंतर कार्य किया है। उसी का परिणाम है कि जनता के सक्रिय सहयोग से मध्यप्रदेश ने कोरोना संक्रमण पर लगभग पूर्ण नियंत्रण पाया है। अब हमें अपनी पूरी ताकत इस बात के लिए लगा देनी है कि मध्यप्रदेश में कोरोना की तीसरी लहर आए ही नहीं और अगर आती भी है तो उसका प्रभाव नगण्य रहे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना के कारण जन-जीवन प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुआ है और विकास की गति रूक सी गई है। हमें जन-जीवन को सामान्य करना है और विकास को गति देनी है। आने वाले समय में स्वास्थ्य के साथ ही रोजगार, शिक्षा और सभी वर्गों का कल्याण हमारी प्राथमिकता रहेगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना नियंत्रण के प्रदेश के जन-भागीदारी मॉडल की सर्वत्र सराहना हुई है। आने वाले समय में हमें न केवल कोरोना संक्रमण को प्रदेश में आने नहीं देना है, बल्कि आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप को गति देकर नए आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के सपने को पूरा करना है। मैं या तुम नहीं हम मिलकर बनायेंगे प्रदेश का इतिहास।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज इछावर, सीहोर में मंत्रि-परिषद के सदस्यों के साथ अनौपचारिक बैठक में कोरोना नियंत्रण सहित विभिन्न मुद्दों पर गहन विचार-मंथन किया। मंथन में मंत्रि-परिषद के सभी सदस्य शामिल हुए।



#### तीसरी लहर को रोकने के लिए जागरूकता एवं सतर्कता आवश्यक

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर को रोकने, उसके प्रभाव को न्यूनतम करने के लिए पुख्ता रणनीति पर काम करना होगा। वैश्विक परिदृश्य को देखते हुए अनुमान है कि अगले तीन या चार माह में तीसरी लहर आने की आशंका है। अनलॉक के परिणामस्वरूप गतिविधियों के ब?ने और सावधानी का पालन नहीं करने से तीसरी लहर की संभावना ब?ेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हमें जागरूक तथा लगातार सतर्क रहना होगा। कोरोना अनुकूल व्यवहार का पालन करने, मास्क लगाने, दूरी बनाए रखने, भी? नहीं लगाने और बार-बार हाथ धोने के लिए लोगों को प्रेरित करना होगा। इसमें क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

#### यह होगी भावी कोरोना नियंत्रण रणनीति

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए सभी जिलों में कोरोना टेस्ट जारी रहेंगे। प्रतिदिन 75 हजार से अधिक टेस्ट सुनिश्चित किए जाएँगे, ताकि किसी भी कोने में यदि कोई पॉजिटिव प्रकरण है, तो उसकी तत्काल पहचान की जा सके। टेस्ट रिपोर्ट एक दिन में आए, ऐसी व्यवस्था की गई है। जो भी व्यक्ति पॉजिटिव आएगा, उसकी कांटेक्ट ट्रेसिंग की जाएगी और पॉजिटिव व्यक्ति को होम आयसोलेशन में या कोविड केयर सेंटर में रखकर उपचार किया जाएगा। प्रदेश में किल-कोरोना अभियान जारी रहेगा। सर्दी, खाँसी, जुकाम से प्रभावित प्रत्येक व्यक्ति की पहचान करवाकर उसका निःशुल्क इलाज सुनिश्चित किया जाएगा।

#### तीसरी लहर के लिए व्यवस्थाएँ

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में तीसरी लहर का सामना करने के लिए आवश्यक अधो-संरचना तैयार की जा रही है और व्यवस्थाएँ बनाई जा रही हैं। स्वास्थ्य अधो-संरचना को सुदृ? करने के लिए गतिविधियाँ जारी हैं। अस्पतालों में ऑक्सीजन की व्यवस्था, बेड ब?ाने, आईसीयू वार्ड निर्माण, पैरा-मेडिकल स्टाफ के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जहाँ एक या दो घरों में संक्रमण है वहाँ माइक्रो कंटेनमेंट एरिया बनाकर संक्रमण को वहीं समाप्त किया जाए।

#### बच्चों के उपचार के लिए व्यवस्थाएँ

तीसरी लहर में बच्चों के अधिक प्रभावित होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। अत: बाल रोग विशेषज्ञों की उपलब्धता ब?ाने, पैरा-मेडिकल स्टाफ को बच्चों के इलाज, टीकाकरण और अन्य प्रक्रियाओं के प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है। बच्चों के लिए आई.सी.यू वार्ड, ऑक्सीजन बेड्स आदि ब?ाने, पर्याप्त उपकरण, दवाओं और उपचार सामग्री उपलब्ध कराने के लिए सभी जिलों में कार्य जारी हैं।

#### वातावरण निर्माण आवश्यक

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि तीसरी लहर को रोकने में कोरोना अनुकूल व्यवहार का पालन करना आवश्यक है। इसके लिए ग्राम, वार्ड स्तर पर वातावरण निर्माण करना होगा। स्थानीय भाषा में स्लोगन, नारों, आकर्षक वाक्यों का उपयोग किया जाए।

## अब गाजियाबाद सहित 16 शहरों में गुटखा-तंबाकू बेचने को लेना होगा लाइसेंस



### दुकानदार 18 साल से कम उम्र के बच्चों को सिगरेट व तंबाकू उत्पाद नहीं बेच पाएंगे

**गाजियाबाद(ए)।** गाजियाबाद और मेरठ सहित उत्तर प्रदेश के 16 शहरों में अब बीड़ी, सिगरेट या तंबाकू जैसे उत्पादों को बेचने के लिए दुकानदारों को लाइसेंस लेना होगा। जल्द ही अलीगढ़, अयोध्या, आगरा, कानपुर, गोरखपुर, वृंदावन-मथुरा, वाराणसी, प्रयागराज, झांसी, सहारनपुर, मुरादाबाद, फिरोजाबाद, बरेली व शाहजहांपुर में यह आदेश लागू किया जा रहा है। अपर मुख्य सचिव नगर विकास डॉ रजनीश दुबे ने शासनादेश जारी कर दिया है।

जानकारी के अनुसार नगर विकास विभाग ने इसके लिए तंबाकू उत्पादन लाइसेंस शुल्क का निर्धारण, विनियमन और नियंत्रण एवं अनुज्ञप्ति शुल्क उपविधि-2021 का प्रारूप जारी कर दिया है। नगर निगमों को इसे अपने यहां बोर्ड से पास कराना होगा। इसके बाद इसे लागू किया जाएगा। नई व्यवस्था लागू होने के बाद दुकानदार 18 साल से कम उम्र के बच्चों को सिगरेट व तंबाकू से बने उत्पाद नहीं बेच पाएंगे। इतना ही नहीं 18 साल से कम उम्र के बच्चों को इसे बेचने की अनुमति भी नहीं होगी। पकड़े गए तो जुर्माना ~ लाइसेंस के बिना कामर्शियल मॉल, थोक बाजार, बिग बाजार, स्पेंसर्स, किराना दुकान, गुमटी आदि पर तंबाकू उत्पादों की बिक्री नहीं होगी। बिना लाइसेंस के बिक्री करते हुए पाए जाने पर पहली बार 2000 रुपये जुर्माना व सामान जब्त कर लिया जाएगा। गाजियाबाद जिले में सिगरेट और तंबाकू बेचने वाली 25 हजार से ज्यादा दुकानें अब लाइसेंस के दायर में होंगी। जनपद के व्यापारी संगठनों ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया है। दवा विक्रेता समिति के महामंत्री प्रदीप राणा और कोषाध्यक्ष देवेंद्र राणा ने बताया कि जनपद में 25 हजार से ज्यादा खोखे, पटरी व दुकानें हैं, जहां बेखौफ पदार्थों की बिक्री की जाती है।

## लोकतंत्र, आजादी, वैचारिक स्वतंत्रता की रक्षा करने में भारत जी-7 का स्वाभाविक सहयोगी है: मोदी

### लोकतंत्र, वैचारिक स्वतंत्रता और स्वाधीनता के प्रति भारत की सभ्यतागत प्रतिबद्धता को किया रेखांकित



**नई दिल्ली(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि तानाशाही, आतंकवाद, हिंसक उग्रवाद, झूठी सूचनाओं और आर्थिक जोर-जबरदस्ती से उत्पन्न विभिन्न खतरों से साझा मूल्यों की रक्षा करने में भारत जी-7 का एक स्वाभाविक साझेदार है। प्रधानमंत्री ने जी-7 के शिखर सम्मेलन के सत्र को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। विदेश मंत्रालय के अनुसार, जी-7 शिखर सम्मेलन के 'मुक्त समाज एवं मुक्त अर्थव्यवस्थाएं' सत्र में मोदी ने अपने संबोधन में लोकतंत्र, वैचारिक स्वतंत्रता और स्वाधीनता के प्रति भारत की सभ्यतागत प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, मोदी ने आधार, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) और जेएएम (जन धन-आधार-मोबाइल) तीनों के माध्यम से भारत में सामाजिक समावेश और सशक्तिकरण पर डिजिटल प्रौद्योगिकियों के क्रांतिकारी प्रभाव को भी रेखांकित किया। पी हरीश ने बताया कि धानमंत्री ने अपने संबोधन में मुक्त समाज में निहित संवेदनशीलताओं का जिक्र किया और प्रौद्योगिकी कंपनियों तथा सोशल मीडिया मंचों का आह्वान किया कि वे अपने उपयोगकर्ताओं के लिए सुरक्षित साइबर परिवेश सुनिश्चित करें। हरीश ने कहा कि जी-7 के अध्यक्ष के रूप में ब्रिटेन ने भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया, दक्षिण अफ्रीका को शिखर सम्मेलन में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कई नेताओं द्वारा जतायी गयी इस चिंता को साझा किया कि खुले समाज में झूठी सूचनाएं फैलने का ज्यादा खतरा रहता है और जोर दिया कि लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए साइबर परिवेश को सुरक्षित रखने की जरूरत है। मोदी ने खुले समाज की प्रतिबद्धता के लिए बहुपक्षीय प्रणाली के सुधार का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जी-7 के सत्र में भारत की भागीदारी से समूह की यह सोच प्रतिबिंबित होती है कि हमारे समय की सबसे बड़ी समस्या का समाधान भारत की भागीदारी के बिना संभव नहीं है।

## यशवंत सिन्हा ने कहा, राम को भी नहीं छोड़ा, मोदी है तो मुमकिन है

**नई दिल्ली (ए)।** राम मंदिर जमीन विवाद की खरीदारी को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के नेता यशवंत सिन्हा ने भाजपा और मोदी सरकार पर निशाना साधा है। यशवंत सिन्हा ने अपने ट्वीट में लिखा कि राम का साथ, मोदी का विश्वास और हमारा विकास। हद ही हो गई, राम को भी नहीं छोड़ा, अब क्या बचा? मोदी है तो मुमकिन है। आपको बता दें कि आम आदमी पार्टी (आप) से राज्यसभा सदस्य एवं पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय सिंह ने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करा रहे श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए उसकी जांच सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से कराने की मांग की थी। सिंह ने लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आरोप लगाया कि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने संस्था के सदस्य अनिल मिश्रा की मदद से दो करोड़ रुपए कीमत की जमीन 18 करोड़ रुपए में खरीदी। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सीधे-सीधे धन शोधन का मामला है और सरकार इसकी सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय से जांच कराये।

## पहली बार... पट्टों की जमीन भी खरीद-बेच सकेंगे

### केंद्र सरकार ने प्लॉट देने के लिए हितग्राहियों को सत्यापित करने के दिए आदेश

### अभी जरूरत पर बेचने के लिए लेनी पड़ती है कलेक्टर की अनुमति



**भोपाल (ए)।** पहली बार सरकार जमीन के पट्टों में हितग्राही को मालिकाना हक देने जा रही है। यह पट्टे सीधे तौर पर खसरा-खतौनी में भू-स्वामी के नाम से दर्ज कर दिए जाएंगे। इससे हितग्राही जरूरत पडने् पर अपने भू-खंड और कृषि भूमि को कलेक्टर की बगैर अनुमति के क्रय-विक्रय कर सकेगा। साथ ही बैंक से लोन भी मंजूर करवा सकेगा।

केंद्र सरकार की ओर से जून माह में भू-खंड पट्टे आवंटन के संबंध में आदेश जारी किए गए हैं। इसमें उन लोगों को पट्टे बांटने के लिए कहा गया है, जिनके पास स्वयं की न आवासीय भूमि है न कृषि भूमि। ऐसे में भू-खंड (आवास) के लिए आबादी सर्वे पहले करने को कहा गया है। इसकी प्रक्रिया भू-अभिलेख विभाग ने शुरू कर दी है। इसे लेकर सैटेलाइट के जरिए गांव चिह्नित किए गए हैं। अब धरातल पर पटवारियों द्वारा सत्यापन किया जा रहा है।

**पहली बार मिलेगा भू-स्वामी का दर्जा:** ट्टसरकारी जमीनों के अब तक बांटे गए पट्टों पर भूमि स्वामी की जगह शासकीय पट्टा दर्ज होता था जिसमें हितग्राही को भूमि को बेचने और खरीदने का अधिकार नहीं होता था। पहली बार केंद्र सरकार की ओर से दिए जाने वाले पट्टों में भूमि-स्वामी दर्ज किया जाएगा। इससे हितग्राही को जमीन के क्रय-विक्रय के साथ लोन लेने का अधिकार भी मिलेगा।

**अब तक बैंक भी नहीं देता था लोन:** ऐसा नहीं है कि सरकार ने पहले भू-खंड व कृषि भूमि के पट्टे सरकारी जमीनों पर काबिज लोगों को नहीं बांटे। लेकिन इन पट्टों को शासकीय पट्टे के रूप में खसरे-खतौनी में दर्ज किया जाता था। ऐसे में हितग्राही को इस पट्टे से मिली भूमि को बेचने का अधिकार नहीं था। अगर किसी को जरूरत के मुताबिक बेचना भी होता तो उसके लिए लंबी प्रक्रिया करनी पड़ती थी।

## देश के नागरिकों को ही हज की इजाजत

**नई दिल्ली (ए)।** सऊदी अरब सरकार ने पिछले साल की तरह इस बार भी सिर्फ देश के नागरिकों को ही हज की इजाजत दी है। इस साल हज यात्रा के लिए तीन पैकेज को मंजूर किया गया है। लोग हज के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। महिलाएं भी बिना मेहराम (साथ में किसी पुरुष यात्री के बिना) रजिस्ट्रेशन करा सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, हज के लिए रजिस्ट्रेशन का काम रविवार दोपहर से शुरू हो गया। सऊदी अरब सरकार पहले ही साफ कर चुकी है कि इस साल भी 2020 की तरह सिर्फ सऊदी अरब के नागरिक ही हज कर सकते हैं। ये रजिस्ट्रेशन 23 जून को रात 10 बजे तक जारी रहेगा। पहले आवेदन करने वालों के लिए कोई वरीयता नहीं है। तीन पैकेज के लिए कीमत 16,560.50 सऊदी रियाल (करीब सवा तीन लाख रुपए), 14,381.95 सऊदी रियाल (2.80 लाख रुपए) और 12,113.95 सऊदी रियाल (2.36 लाख रुपए) रखी गई है।

## प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, करोड़ों लोगों की आस्था का अपमान और अधर्म



**नई दिल्ली (ए)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट पर जमीन के सौदे में कथित भ्रष्टाचार के दावे का हवाला देकर आरोप लगाया कि राम मंदिर के लिए मिले चंदे का दुरुपयोग करोड़ों लोगों की आस्था का अपमान और अधर्म है। प्रियंका ने ट्वीट किया, करोड़ों लोगों ने आस्था और भक्ति के चलते भगवान के चरणों में चढ़ावा चढ़ाया। उस चंदे का दुरुपयोग अधर्म है, पाप है, उनकी आस्था का अपमान है। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाकर उसकी जांच सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से कराने की मांग की थी। सिंह ने लखनऊ में दावा किया था कि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने संस्था के सदस्य अनिल मिश्रा की मददसे दो करोड़ रुपए कीमत की जमीन 18 करोड़ रुपए में खरीदी। उन्होंने कहा था कि यह सीधे-सीधे धन शोधन का मामला है। सरकार इसकी सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय से जांच कराये। वहीं, समाजवादी पार्टी की पूर्ववर्ती सरकार में मंत्री रहे एवं अयोध्या के पूर्व विधायक पवन पांडे ने भी अयोध्या में राय पर भ्रष्टाचार के इसतरह के आरोप लगाकर मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की।

## खास खबर

### मैनिट में फर्स्ट ईयर के छात्रों के ईवन सेमेस्टर एग्जाम 21 से 30 जून तक

**भोपाल (ए)।** मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) ने फर्स्ट ईयर के छात्रों के लिए रिवाइज्ड अकादमिक कैलेंडर जारी कर दिया है। अब बीटेक, बीप्लान और बीआर्क 2020-21 के छात्रों की कक्षाएं 19 जून को समाप्त हो जाएंगी। फर्स्ट ईयर के छात्रों के ईवन सेमेस्टर एग्जाम 21 से 30 जून तक होंगे। इसके पूर्व सेमिनार और प्रैक्टिकल एग्जाम 14 से 19 जून तक होंगे। 30 जून तक ईवन सेमेस्टर एग्जाम चलने के बाद 1 से 18 जुलाई तक सेमेस्टर ब्रेक रहेगा। इसके बाद से फिर छात्रो की ऑनलाइन क्लासेस शुरू होंगी। सप्लीमेंट्री एग्जाम के तहत ऑड-ईवन सेमेस्टर सप्लीमेंट्री एग्जाम के फॉर्म 18 जून तक भरे जाएंगे।

### अखिलेश ने कहा, भाजपा की गलत आर्थिक नीतियों के शिकार हुए करोड़ों व्यापारी

**लखनऊ (ए)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भाजपा पर व्यापारियों को बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए कहा कि करोड़ों व्यापारी भाजपा की गलत आर्थिक नीतियों के शिकार हुए हैं। यादव ने आरोप लगाया, भाजपा राज में दुकानदार, कारोबार, व्यापार सभी बर्बाद हो गए हैं। करोड़ों व्यापारी भाजपा की गलत आर्थिक नीतियों के शिकार हुए हैं। नोटबंदी, जीएसटी से परेशान व्यापारियों की हालत लॉकडाउन ने बुरी तरह बर्बाद की है।उन्होंने आरोप लगाया, व्यापारी विरोधी नीतियों से सब तरह त्राहि-त्राहि मची हुई है। पिछले वर्ष घोषित 20 लाख करोड़ के आर्थिक पैकेज से किसी का कोई लाभ नहीं हुआ, इस घोषणा का क्या हुआ, कुछ पता नहीं चला। भाजपा सरकार में छोटे दुकानदारों को धोखा मिला है जबकि चुनिंदा कॉरपोरेट घरानों को सभी सहूलियतें देकर उनकी आमदनी दिन दूनी रात चौगुनी बढ़ाई गई है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, भाजपा को गलतफहमी है कि व्यापारी अपने उत्पीड़न के बावजूद भाजपा के साथ रहेगा। व्यापारी समाज जान गया है कि भाजपा छोटे लोगों की नहीं बड़े पूंजी घरानों के हितों का पोषण करने वाली पार्टी है। व्यापारी 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी में है।

### पेट्रोल की कीमत को लेकर कांग्रेस और भाजपा की मिलीभगत: कुमारस्वामी

**बेंगलुरु (ए)।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी ने ईंधन की कीमतों में वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस पार्टी की लड़ाई का मजाक उड़ाते हुए रविवार को कहा कि उनकी पार्टी जनता दल (एस) पेट्रोल को जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) के अंतर्गत लाने की कांग्रेस और भाजपा की कथित साजिश के खिलाफ लड़ेगी। जनता दल (एस) के दूसरे नंबर के नेता ने कई ट्वीट कर कहा कि केन्द्र सरकार लगातार पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि कर रही है, जिसके खिलाफ कांग्रेस प्रदर्शन कर रही है।कुमारस्वामी ने ट्विटर पर लिखा,''हमने पेट्रोल को जीएसटी के दायरे में लाने की दोनों राष्ट्रीय पार्टियों की साजिश के खिलाफ लड़ने का रुख अपनाया है। इसके खिलाफ हम संघर्ष करेंगे।'' उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार लगातार यह कह रही है कि पेट्रोल की कीमतों में कमी लाने के लिए उसे जीएसटी के दायरे में लाना ही होगा। वहीं कांग्रेस का भी यही मानना है कि पेट्रोल को जीएसटी के दायरे में लाकर इसकी कीमतों में कमी की जा सकती है।

### सीएम केजरीवाल ने कहा, गुजरात की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी आम आदमी पार्टी

**नई दिल्ली/अहमदाबाद (ए)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी नेता अरविंद केजरीवाल गुजरात दौरे पर हैं। जहां पर उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान किया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि गुजरात के आगामी विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। सीएम केजरीवाल ने अहमदाबाद में पार्टी के विस्तार के लिए नेताओं के साथ मुलाकात की। विधानसभा चुनाव से पहले केजरीवाल का यह दौरा काफी अहम माना जा रहा है। इस दौरान केजरीवाल की उपस्थिति में वरिष्ठ पत्रकार इसुदानभाई गढ़वी ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने ट्वीट कर जानकारी साझा की। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा कि गुजरात की आवाज़ और सबसे लोकप्रिय पत्रकार इसुदानभाई गढ़वी जी का आम आदमी पार्टी परिवार में स्वागत है। इसुदान भाई के आने से आम आदमी पार्टी गुजरात को एक नयी ऊर्जा मिलेगी और मुझे यकीन है आने वाले समय में गुजरात की राजनीति जरूर बदलेगी।

## वन-टू-वन

### दूर से अभिवादन करें, न किसी से हाथ मिलायें न मिलें गले : श्री कार्तिकेयन



मुरैना। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिये सावधानियां रखना अतिआवश्यक है और कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिये हमें अपने व्यवहार में अनुकूल परिवर्तन लाना भी अति आवश्यक है। साथ ही बार-बार अपनी आंख, नाक और मुंह को छूनें से बचें, दूर से अभिवादन करें, न किसी से हाथ मिलायें, न गले मिलें, आपस में दो गज की दूरी जरूर रखें। घर से बाहर निकलने पर हमेशा मॉस्क पहनें। खांसते और छींकते समय अपने मुंह तथा नाक को ढंक्कर रखें। श्वसन संबंधी शिष्टाचार का पालन करें। बार-बार साबुन तथा पानी अथवा अल्कोहलयुक्त सेनीटाईजर से हाथों को धोयें। सार्वजनिक स्थानों पर न थूकें, तंबाखू, गुटका, खैनी, पान आदि खाकर यहां-वहां न थूकें। बार-बार छुएं जाने वाली सतहों को नियमित रूप से विसंक्रमित करें। अनावश्यक यात्रा से बचें। कोरोना को लेकर किसी से भेदभाव न करें। अनावश्यक भीड़ इकट्ठा न होने दें। अफवाहों पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर किसी भी अपुष्ट जानकारी को प्रसारित न करें। सूचना के भरोसेमंद स्त्रोतों से ही जानकारी लें। आपस में सभी एक दूसरे को मनोवैज्ञानिक रूप से सहयोग प्रदान करें।

### वाहनों की तोड़फोड़ करने वाले एक सैकड़ा ग्रामीणों पर मामला दर्ज

मुरैना। नगरा थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह रेत माफिया और ग्रामीणों के बीच हुई फायरिंग के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो जाने पर, जहां पुलिस ने ग्रामीणों की मांग पर 9 वन कर्मियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया है तो वहीं अंबाह रेंजर की रिपोर्ट पर से एक सैकड़ा अज्ञात ग्रामीणों के विरुद्ध मारपीट बलवा की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। माफिया एवं वन विभाग के बीच अब मामला गहराता जा रहा है, वहीं राजनीति भी हावी होने लगी है। अम्बाह रेंज के रेंजर दीपांकर सिंह की शिकायत पर सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने 100 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 353, 332 294 और 427 में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक केस डायरी नगरा थाने पहुंचा दी गई है। आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि रविवार की सुबह रेत माफियाओं द्वारा रेत का अवैध खनन किए जाने की सूचना पर से क्षेत्र के वन कर्मचारियों ने पुलिस के साथ मिलकर रेत माफिया का पीछा किया और रेत माफिया का ट्रैक्टर ट्रॉली अमोलपुरा गांव की तरफ भागने लगा तथा वन कर्मचारियों द्वारा उसे रोकने के लिए टायर पर गोली चलाई गई, इसी दौरान एक ग्रामीण उसकी चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई, जिस पर से बवाल खड़ा हो गया तथा आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा चक्का जाम किए जाने एवं वाहनों की तोड़फोड़ करने से पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी भी दबाव में आ गए। जिसके पश्चात वन कर्मचारियों पर हत्या का मामला दर्ज किया गया।

### विद्युत कर्मियों की मारपीट मामले में एक दर्जन से अधिक आरोपियों पर एफ.आई.आर दर्ज

मुरैना। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा मुरैना वृत्त अंतर्गत नूराबाद वितरण केन्द्र कार्यक्षेत्र में ग्राम मदनबसई (महावीर का पुरा) विचौला रोड के किनारे रखे 25 के.व्ही.ए. के अवैध ट्रांसफार्मर को हटाने के दौरान बिजली कंपनी के अधिकारी, कर्मचारी से मारपीट करने के आरोप में एक दर्जन से अधिक आरोपियों पर एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है। गौरतलब है कि कंपनी के बानमौर उप संभाग के प्रबंधक राहुल चौधरी एवं नूराबाद वितरण केन्द्र के सहायक प्रबंधक सुभाष धाकड़ द्वारा लाइन कर्मचारियों के साथ ग्राम मदनबसई (महावीर का पुरा) विचौला रोड के किनारे रखा 25 के.व्ही.ए. का अवैध ट्रांसफार्मर हटाया जा रहा था।

# सैकड़ों नर्सों ने दिया सांकेतिक धरना, मांग नहीं मानी तो अनिश्चितकालीन हड़ताल होगी




मुरैना। जिला मुख्यालय स्थित जिला चिकित्सालय सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में काम कर रही नर्सेज ने अपनी मांगों को लेकर सोमवार को 6 घंटे तक सांकेतिक धरना दिया और मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के नाम ज्ञापन देकर अपील की है कि वह उनकी मांगों का निराकरण करें, अन्यथा मध्य प्रदेश सहित मुरैना जिले की सभी नर्सेज अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली जाएंगी।

सांकेतिक धरने पर बैठी नर्सों ने कहा कि पूरा देश इस बात को मान चुका है कि कोविड-19 महामारी में नर्सेज फ्रंटलाइन वर्कर के रूप में उभर कर सामने आई है और अपनी जान की परवाह किए बगैर देश पर आए संकट का डटकर सामना किया है तथा लोगों का जीवन बचाया है। उसके बाद भी राज्य सरकार द्वारा उनकी उपेक्षा की जा रही है, जो असहनीय है। मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के नाम जिला कलेक्टर को दिए गए ज्ञापन में नर्सेज ने मांग की है कि वर्ष 2018 के आदेश भर्ती नियमों में संशोधन करते हुए 70% एवं 80% का नियम हटाया जाए एवं 100% वेतनमान दिया जाए, 3 वर्ष की परिवीक्षा अवधि को कम कर 2 वर्ष किया जाए, केंद्र एवं अन्य राज्यों की तरह मध्यप्रदेश में कार्यरत नर्सेज को उच्च स्तरीय वेतनमान सेकंड ग्रेड किया जाए, केन्द्र एवं राज्य में कार्यरत नर्सेज की भांति स्टाफ नर्स का पद नाम परिवर्तित करके नर्सिंग ऑफिसर किया जाए, सभी नर्सेज को शासकीय आवास प्रदान किए जाएं, कोरोना काल में शहीद हुई नर्सिंग स्टाफ के परिजन को अनुकंपा नियुक्ति की जाए, पुरानी पेंशन योजना पुनः लागू की जाए, शासकीय कॉलेज में सेवारत रहते हुए नर्सेज को उच्च शिक्षा हेतु आयु बंधन हटाया जाए। सोमवार को नर्सिंग स्टाफ ने प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक काली पट्टी बांधकर सांकेतिक धरना दिया और कार्य किया। वहीं आज 15 जून मंगलवार को 2 घंटे संपूर्ण कार्य बंद करने का निर्णय लिया है। नर्सेज स्टाफ ने कहा है कि इसके बावजूद भी सरकार ने उनकी मांगों को नहीं माना तो वह अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य होंगी।



मुरैना विधायक राकेश मावई ने मेदांता हॉस्पिटल दिल्ली पंहुचकर पूर्व मुख्यमंत्री एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ से मुलाकात की व उनकी कुशलक्षेम जानी।

# भाजपा व्यापारियों की हितेषी पार्टी: विजय गुप्ता

**अम्बाह।**

भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला मुरैना के संयोजक राजेन्द्र गोयल ने संगठन के अंबाह संयोजक के पद पर विजय गुप्ता बीज वालों को नियुक्त किया है। श्री गुप्ता की नियुक्ति पर स्थानीय व्यापारियों ने सब्जी मंडी ने उनका सम्मान किया। इस अवसर पर व्यापारिक मुद्दों को लेकर बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें विजय गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही व्यापारियों की सच्ची हितैषी है केंद्र व राज्य भाजपा सरकार ने व्यापारीयो हित में जितने कार्य किये हैं, उतने किसी सरकार ने नहीं किए।



उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने जीएसटी सरलीकरण की दिशा में अभूतपूर्व कदम उठाए हैं, इतना ही नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोबारा सरकार गठन के बाद छोटे व्यापारियों को पेंशन दिए जाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है, जो स्वागत योग्य है। इस निर्णय ने सिद्ध किया है कि सच्चे अर्थों में भाजपा ही व्यापारियों के हितों की संरक्षक है, विजय गुप्ता ने कहा कि स्थानीय स्तर पर भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ व्यापार से जुड़े लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहेगा, किसी भी तरह की परेशानी आने पर संगठन आपके साथ खड़ा है। हम सब मिलजुल कर सशक्त भारत के निर्माण में कार्य करेंगे, जिससे हमारा देश विकास की उच्चतम शिखर को प्राप्त कर सके। इस दौरान नगर पालिका चुनाव प्रभारी बच्चू लाल गुप्ता, गजेंद्र सिंह तोमर, जिनेश जैन, उमेश जैन, खेम सिंह भदौरिया, कविंद्र सिंह तोमर, अखिलेश शर्मा कल्ला, गिर्राज तिवारी, बंटी चौहान, नारायण सिंह तोमर, निक्की तोमर, विवेक गुप्ता, आनंद गुप्ता, रामविलास कुशवाहा, राकेश अग्रवाल, हरिओम कौशिक, जय प्रकाश त्यागी, बिल्लू जैन, रामू गुप्ता मौजूद रहे।

# सीएमओ के निर्देशन में चलाया वैक्सीन लगवाने जागरूकता अभियान

झुण्डपुरा। कोरोना आंकडों की बढती रफ्तार को देखते हुए टीकाकरण की रफ्तार भी तेज की गई है। झुण्डपुरा में 18 बर्ष से अधिक उम्र वालों का भी टीकाकरण किया जा रहा है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी झुण्डपुरा ए.के.बंसल के निर्देशन और मार्गदर्शन में नगर में वैक्सीन के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए कर्मचारी घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर रहे है। वहीं स्वास्थ्य विभाग एवं आंगनबाडी कार्यकर्ताओं द्वारा वैक्सीन लगवाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नगरपालिका एवं आगनबाडी कार्यकर्ताओं के प्रोत्साहन से 18 बर्ष से अधिक उम्र वाले नागरिकों का टीकाकरण किया जा रहा है। सीएमओ द्वारा जागरूकता अभियान चलाए जाने के बाद दिन-प्रतिदिन वैक्सीन के प्रति युवाओं का उत्साह बढ रहा है। सोमवार को लगभग 127 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी अनिल कुमार, शैलेंद्र सिंह, शिक्षक जीतेंद्र शर्मा, कैलाश चंद, मातादीन रावत, अजीम खान सहित अन्य युवाओं ने वैक्सीनेशन करवाकर लोगों को जागरूक किया।



सी.एम.ओ. ए.के.बंसल ने बताया कि झुण्डपुरा में वैक्सीनेशन का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। इसके लिए नगरपालिका झुण्डपुरा द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। हम लोगों से अपील कर रहे हैं कि वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है अधिक से अधिक संख्या में वैक्सीन लगवाकर कोरोना से सुरक्षा चक्र मजबूत करें। वैक्सीनेशन के कार्य में मुख्य चिकित्सक के अलावा सिस्टर परमजीत कौर, रामवरन शाक्य, सीमा सिंह, दिलीप शर्मा, आंगनबाडी कार्यकर्ता ज्योति शर्मा आदि संलग्न हैं। वहीं नगरपालिका के रामदीन जौहरी, मुन्ना लाल, रामेश्वर जाटव, पप्पू जाटव सहित अन्य कर्मचारी आमजन को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं।

# श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर पर किया सुंदरकांड का पाठ



### जरूरतमंदों को कराया भोजन, कोरोना गाइडलाइन की दी जानकारी

अम्बाह। वर्तमान काल में कोरोना महामारी से मुक्ति के लिए भगवान बजरंगबली की शरण में नगर के समाजसेवियों द्वारा गुधैनिया थोक के पास श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। इसके साथ ही यहाँ मौजूद साधु-संतों एवं गरीबों को पौष्टिक भोजन कराया गया। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों के निरोग जीवन की कामना करते हुए संकट मोचन स्त्रोत पाठ का वाचन भी किया गया।

इस आयोजन में भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद मनोज शर्मा उनकी पत्नी भाजपा नेत्री प्रीति शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद थे। इस अवसर पर उक्त हनुमान मंदिर पर सभी को कोरोना से बचने हेतु मास्क का लगातार प्रयोग करते रहने, आपसी व्यवहार में दूरी बनाए रखने और हाथों की साफ रखने की सलाह भी दी गई। आयोजन में मौजूद लोगों ने सामूहिक रूप से प्रार्थना कर बजरंगबली से विश्व शांति के साथ-साथ जगत को कोरोना मुक्त बनाने की कामना भी की। आयोजन का समापन भगवान की महाआरती के साथ किया गया। इस मौके पर डॉ सुधीर आचार्य द्वारा मौजूद साधु संतों को दक्षिणा प्रदान की गई।

# पुलिस से वसूली के आरोप के बाद, अम्बाह के विधायक इस्तीफा दें: माकपा

मुरैना। तथाकथित रेत माफिया के खिलाफ की जा रही वन विभाग की कार्रवाई में अंबाह क्षेत्र के एक किसान की दर्दनाक मौत की घटना सामने आई है। हम इस घटना की पुरजोर निंदा करते हैं। जिसमें एक निर्दोष किसान की जान चली गई हैं। साथ ही उसके परिजनों को आर्थिक सहायता और सरकारी नौकरी की मांग करते हैं, साथ ही इस घटनाक्रम के दौरान ग्रामीणों द्वारा किए जा रहे चक्का जाम के बीच अंबाह विधायक कमलेश जाटव पहुंचे और उन्होंने पुलिस पर पैसे वसूल कर रेत का उत्खनन कराने का सार्वजनिक आरोप लगाया। इसी दौरान एसडीओपी के गनर ने कहा कि आप भी तो पुलिस से वसूली लेते हैं। इस सार्वजनिक आरोप के बाद विधायक जी का चेहरा देखने लायक था।

इस आरोप को गंभीरता से लेते हुए दलित शोषण मुक्ति मंच तथा माकर्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने अंबाह विधायक कमलेश जाटव से इस्तीफे की मांग की है। साथ ही विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री से विधायक पर सार्वजनिक वसूली का आरोप लगने के बाद कार्यवाही किए जाने की भी मांग की है। दलित शोषण मुक्ति मंच के प्रांतीय संयोजक जेके पिप्पल पार्टी तथा मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य अशोक तिवारी ने इसे अत्यंत गंभीर आरोप बताया है और कहा है कि सैकड़ों नागरिकों के बीच सार्वजनिक रूप से एसडीओपी के गनर व्दारा विधायक पर पुलिस से चौथ वसूली के लगाए गए आरोप अत्यंत निंदनीय है और उन्हें एक भी दिन विधायक पद पर रहने का नैतिक अधिकार नहीं है। उन्हें तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। ज्ञातव्य हो कि विधायक कमलेश सिंधिया समर्थक है, जो कांग्रेस से भाजपा में जाकर पुनः निर्वाचित होकर विधायकी कर रहे हैं।

# बिजली बिल माफी व अन्य समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने दिया ज्ञापन

कैलारस। कोराना काल के बिजली बिल माफ किए जाने एवं पेयजल संकट, नाली-नालों की सफाई तथा अन्य समस्याओं को लेकर सीएमओ व विद्युत विभाग के अधिकारियों को स्थानीय कांग्रेसियों ने ज्ञापन दिया।



ज्ञापन के माध्यम से मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव बृजमोहन मरैया ने बताया कि कोराना काल के विद्युत बिल माफ किए जाने, एवरेज बिल, अघोषित विद्युत कटौती के कारण जनता का जीना दुश्वार हो गया है, जनता बदहाल एवं परेशान है। जब कि आए दिनों फाल्ट तथा मेंटेनेंस की समस्या विभाग द्वारा बताई जाती है। उक्त समस्याओं को समय रहते ठीक कराया जावे तथा पुरानी जीर्ण सीर्ण केबलों को नगर में तत्काल बदला जावे तथा अन्य मांगों को लेकर विद्युत विभाग कैलारस पर ज्ञापन दिया गया। श्री मरैया ने ज्ञापन में मांग की है कि नगर परिषद कैलारस में व्याप्त अव्यवस्थाओं नाली नाली सफाई तथा शहर में आय पेयजल संकट तथा अन्य विषयों पर जैसे नगर कैलारस के मुख्य मार्गो एवं गलियों में सड़क एवं नालियों की सफाई पूर्ण रूप से कराई जावे। रेलवे लाइन के पास वाले बड़े नाले की सफाई तथा जगह-जगह लगे गंदगी के ढेरों को हटाया जाए।

## नैनो न्यूज

### विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल श्योपुर में श्योपुर रक्तदान समिति और सिराज दाऊदी फैंस क्लब द्वारा मिशन समर्पण टीम को किया गया सम्मानित



**श्योपुर।** सिराज दाऊदी फैंस क्लब द्वारा रक्तदान शिविर आयोजन में मिशन समर्पण की ओर से दो लोगों जिनमे राहुल जाटव एवं जाहिद खान ने रक्तदान भी किया इसके लिए सिराज दाऊदी जी ने मिशन समर्पण के सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इसके अलावा श्योपुर रक्तदान समारोह मै उपस्थित नेता गणों में माननीय श्री दुर्गा लाल जी विजय, महावीर जी सिसोदिया भाई साहब सुरेंद्र जाट विधायक बाबू जंडेल जी महावीर जी गुप्ता,ओसवाल जी द्वारा भी मिशन समर्पण के सभी सदस्यों को सम्मानित किया गया मिशन समर्पण के सदस्यों में उपस्थित शिव शर्मा पवन नईवाल सोनू लोधा शुभम नामा जाहिद खान सत्यम सोनी निक्की गुप्ता श्यामा मीणा पारुल सोनी कविता प्रजापति हितेश सोनी हरीश राठौर भूपेंद्र रेगर आकाश शर्मा डॉ मनोहर गुर्जर राहुल जाटव दिनेश साहू जी नीरज जाट विष्णु शर्मा सोइ विशाल शर्मा पांडोला गौरव आचार्य जी महावीर प्रजापति संजय मंगल सोनू दुबे,भूपेंद्र गॉड दीनू मीणा सोई इत्यादि मौजूद थे

### स्मैक खरीदने एंगल चुरा रहा था, पब्लिक ने पकडा

**शिवपुरी।** शहर के सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आने वाले फतेहपुर क्षेत्र में गीता पब्लिक स्कूल के पीछे खेत से एंगल चुराता एक युवक पकड़ा गया है। पकड़े जाने के बाद युवक ने बताया कि स्मैक खरीदने के लिए वह एंगल चुराकर ले जा रहा था। पकड़े गए लोगों ने आरोपी साहिल खान निवासी पुरानी शिवपुरी को डायल 100 को सूचना देकर उन्हें सौंप दिया। जानकारी के अनुसार गीता पब्लिक स्कूल के संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने तीन दिन पहले एंगल चोरी का मामला अज्ञात आरोपी पर दर्ज किया था। इसके बाद स्कूल संचालक सचेत था। इसी दौरान साहिल को कुछ लोगों ने एंगल चुराते हुए देखा और उसे पकड़ लिया। साहिल ने पूछताछ में बताया कि दो दिन पहले अजमल खान लोहे की एंगल चुराकर ले गया था। जब उससे पूछा कि वह चोरी क्यों कर रहा था तो उसने बताया कि उसे स्मैक की लत लग गई है और स्मैक खरीदने के लिए पैसे न होने के कारण उसने एंगल चुराई है।

### सतनबाड़ा क्षेत्र में तेंदुए की मौत का खुला राज, पिता-पुत्र ने की थी हत्या, पुलिस पहुंची तो हुए फरार

**शिवपुरी।** माधव नेशनल पार्क शिवपुरी में बाघ लाने की तैयारियों के बीच सतनवाड़ा रेंज में तेंदुए का शिकार हो गया। रामपुर के जंगल से तेंदुए का शव बरामद हुआ है। सूचना के दूसरे दिन छानबीन में पता चला कि तेंदुए का शिकार मोगिया जाति के पिता-पुत्र ने मिलकर किया है। वन विभाग की टीम दविश देने पहुंची तो पिता-पुत्र मौके से भाग निकले। जिस टोपीदार बंदूक से तेंदुए को मारा था, वह जब्त कर ली गई है। सतनवाड़ा रेंज में कंपार्टमेंट टी-940 स्थित रामपुर के जंगल में तेंदुए का शिकार किया है। शनिवार की देर शाम वन विभाग को तेंदुए के शिकार की सूचना मिल गई थी और आधी रात जाकर मृत तेंदुआ मिल गया। लेकिन रविवार की सुबह तेंदुए का शव लाकर पीएम कराया तो पेट से गोली निकली है।

# खुले में शौच को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष,10 घायल ,चार की हालत गंभीर



शिवपुरी।

जिले के पोहरी थाना क्षेत्र के ग्राम रंधीर में रविवार की शाम खुले में शौच को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट और पत्थरबाजी हो गई. जिसमें महिलाओं समेत 10 लोग घायल हो गए. गंभीर रूप से घायल चार लोगों को जिला अस्पताल शिवपुरी रेफर किया गया है.पुलिस ने दोनों तरफ से क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम रंधीर में दलित समाज का एक बच्चा सड़क किनारे बैठ कर खुले में शौच कर रहा था.वहीं सड़क के पास ही गाँव के ही राजेन्द्र धाकड़ मुकेश धाकड़,देवेन्द्र धाकड़ और कुछ अन्य लोग हैंडपंप सुधार रहे थे.आरोप है कि हैंडपंप सुधार रहे धाकड़ समाज के लोगों ने खुले में शौच कर रहे बच्चे में पत्थर मार दिया.इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में मुहँवाद से शुरू हुआ झगड़ा देखते ही देखते खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया. दोनों पक्षों से महिला और पुरुष हाथों में डंडे पत्थर कुल्हाड़ी लेकर एक दूसरे पर टूट पड़े. दोनों तरफ से जमकर पत्थरबाजी भी हुई. गाँव में दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष की सूचना मिलने पर भारी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंचा. पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोहरी में भर्ती कराया.जहां गंभीर रूप से घायल चार लोगों को इलाज के लिए शिवपुरी अस्पताल रेफर किया गया है. दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष के बाद गांव में तनाव पसर गया है. सुरक्षा के चलते गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में पात्र बंदियों को पैरोल का लाभ दिलाने संबंधी बैठक सम्पन्न

अशोक नगर।



कलेक्टर श्री अभय वर्मा की अध्यक्षता में कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर को दृष्टिगत रखते हुए उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार जेलों की अतिसंकुलता दूर करने हेतु पात्र दण्डित बंदियों को पैरोल का लाभ दिलाये जाने हेतु सोमवार को कलेक्टर कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पटेल,जेल अधीक्षक श्री एस.ए.सिद्धीकी,जिला अभियोजन अधिकारी श्रीआर.एल.छापरिया, सीएमएचओ डॉ.हिमांशु शर्मा उपस्थित रहे। बैठक में जेल में बंद सजायाफ्ता बंदियों को पैरोल का लाभ दिलाये जाने के संबंध में समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जिला जेल में नियमित स्वास्थ्य कैम्प लगाये जाने तथा समस्त कैदियों का वैक्शीनेशन कराये जाने के संबंध में जानकारी ली। जिला जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि जिला जेल में बंद कैदियों को जेल में पर्याप्त जगह उपलब्ध है। सजायाफ्ता कोई भी कैदी गंभीर बीमारी से पीड़ित नही है। जेल में बंद पात्र कैदियों को पैरोल दिये जाने संबंधी 22 प्रतिवेदन पुलिस अधीक्षक कार्यालय को भेजे गये है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से रिपोर्ट प्राप्त होने के आधार आवश्यक निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि जेल में नियमित रूप से स्वास्थ्य कैम्प आयोजित किये जा रहे है। जेल में बंद समस्त कैदियों का वैक्शीनेशन करा दिया गया है।

## गृह मंत्री ने ग्राम कमरारी में 1 करोड़ 3 लाख लागत की सड़क का किया भूमिपूजन

दतिया।

मध्यप्रदेश शासन के गृह, जेल, संसदीय कार्य, विधि एवं विधायी विभाग मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने 1 करो? तीन लाख की लागत से 2.10 कि.मी. लंबी कमरारी से डोमागोर स?क मार्ग का ग्राम कमरारी पहुंचकर भूमिपूजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की डे? वर्ष पूर्व जो विकास कार्य रूके प? थे। वह अब पूर्ण होने लगे है।

गृह मंत्री डॉ. नरोत्म मिश्र ने दतिया में किए गए विकास कार्यो का उल्लेख करते हुए कहा कि दतिया के विकास में उनके द्वारा कोई कोर कसर नहीं छो?ी गई। उन्होंने निर्माण एजेंसी को पूर्ण गुणवत्ता के साथ स?क का निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर सर्वश्री जगदीश यादव, निरंजन सिंह,



वीरेन्द्र साहू सरपंच, पुरूषोत्तम पटैरिया, नाथूराम राजपूत, पैज सिंह राजपूत, राजू सिंह राजपूत, भैयाला साहू, राजेन्द्र सिंह चैहान, कप्तान सिंह राजपूत, करन सिंह परमार, छोटे राजा, राजकुमार राजपूत, वीरेन्द्र मिश्रा, कालीचरन राजपूत, ओम प्रकाश यादव, मुकेश राजपूत, खुशीराम पाल, सुश्री क्रांति राय, चन्दू यादल, कैलाश अहिरवार, राजेन्द्र राजपूत, अतर सिंह राजपूत, भागचन्द्र राजपूत, जीत सिंह राजपूत, रमेश अहिरवार, प्ररप्रसाद पाल, जरदान सिंह राजपूत, महेन्द्र यादव, हरीमोहन साहू, भगवत सिंह राजपूत, श्रीराम डॉक्टर, नंदकिशोर राजपूत, अरविन्द परिहार, राममिलन यादव, सत्येन्द्र राजपूत, दयाराम प्रजापति, मुकेश अहिरवार, रूपसिंह राजपूत, सुंदर लाल राजपूत, संतोष रजक, अरून कुमार कटारे, छोटी सिंह, विनय प्रताप चैहान, उत्तम सिंह रजक, रामजीलाल वंशकार, कुलदीप सेन, बलवीर पाल, प्रमोद पटैरिया आदि उपस्थित रहे।

## टी आई की दबंगई पानी के टैंकर की कीमत 3000 रुपये

शिवपुरी।

मंत्री रांठखेड़ा की विधानसभा में एक टैंकर पानी की कीमत 3000 रुपये गर्मी अपने पूरे शबाब पर है ऐसे में पानी की किल्लत होना स्वाभाविक है । लेकिन क्या आप कल्पना कर सकते है कि पोहरी विधानसभा में एक टैंकर पानी की कीमत 3000 रूपये तक हो सकती है। पोहरी में टी आई तिमेश छारी ने पानी का टैंकर मंगवाया था टैंकर खाली करने के बाद जब चालक ने टी आई से पानी के 300 रुपये मांगे



तो टी आई तिमेश छारी ने अपनी पुलिसगिरी का रौब दिखाते हुए कहा कि पहले टैंकर साइड में रख और 3000 रूपये का चालान कटवा बेचारा टैंकर चालक अपने टैंकर को छो?कर राज्यमंत्री सुरेश धाक? के पास गया जहाँ उसने अपनी आप बीती सुनाई तब कहीं जाकर राज्यमंत्री के हस्तक्षेप से टैंकर छोड़ा गया।

एस पी राजेश चंदेल ने इस पूरे मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच के आदेश दे दिए है।

## कैबिनेट मंत्री यशोधरा राजे के प्रयासों से मेडिकल कॉलेज में स्त्री एवं प्रसूति बाल एवं शिशु रोग की ओपीडी हुई प्रारंभ

**शिवपुरी।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया के निर्देशानुसार राजमाता विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय में अब प्रसूति रोग व बाल व शिशु रोग की ओपीडी भी शुरू हो गई है। शिवपुरी शहर की जनता को चिकित्सा महाविद्यालय के अस्पताल की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए महाविद्यालय में सोमवार को स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग तथा बाल एवं शिशु रोग विभाग की ओ.पी.डी. का शुभारंभ डीन डॉ.अक्षय कुमार निगम एवं अधीक्षक डॉ.के.बी.वर्मा के द्वारा किया गया। इस मौके पर उपस्थित स्त्री एवं प्रसूति रोग की विभागाध्यक्ष डॉ. शिखा जैन एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. शैली सेंगर



तथा बाल एवं शिशु रोग के विभागाध्यक्ष डॉ. शमी जैन एवं सहायक प्राध्यापक डॉ प्रियंका बंसल गर्ग ने उपचार हेतु आए हुये मरीजों का उपचार किया। चिकित्सा महाविद्यालय के पी.आर.ओ. डॉ. मानबहादुर राजपूत ने बताया कि वर्तमान में अस्पताल में सिर्फ ओ.पी.डी. ( बाह्य रोग उपचार ) की व्यवस्था प्रारंभ की गई है तथा वर्तमान में किसी भी प्रकार की सर्जरी, ऑपरेशन एवं डिलेवरी की सुविधा का प्रावधान नहीं है। हालंकि आगामी दिवसों में ऑपरेशन थियेटर तैयार होते ही समस्त प्रकार की सुविधाएं शिवपुरी शहर की जनता को उपलब्ध हो सकेंगी। शुभारंभ अवसर पर पर संबंधित विभागाध्यक्ष एवं समस्त पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहा!

## कॉलेज के नामकरण को लेकर अभाविप ने दिया कलेक्टर के नाम ज्ञापन

अशोक नगर। जिले के ईसागढ़ में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शासकीय कॉलेज के नामकरण को लेकर नायब तहसीलदार आलोक श्रीवास्तव को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमे महाविद्यालय का नाम युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानंद जी के नाम पर रखे जाने की मांग अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने की ।अखिल भारतीय विद्यार्थी



परिषद छात्रों के हित में काम करने वाली संस्था हैं। एवं स्वामी विवेकानंद जी के आदर्श पर चलने के लिए इसके युवा हमेशा आगे रहते हैं अतः युवाओं के आदर्श रहे स्वामी विवेकानंद जी के नाम पर महाविद्यालय का नाम रखा जाए इस विषय को लेकर अखिल भारतीय परिषद ने ईसाग? रूपनगर में नावीन महाविद्यालय का नाम स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय रखने की मांग रखी इस मौके पर नगर अध्यक्ष गोरव गोस्वामी , प्रजापति अमित गोस्वामी, भूपेंद्र यादव आयुष यादव मालती प्रजापति उपस्थित रहे।

### सोमवार को शिवपुरी में कोई पॉजीटिव नहीं, आये दिन रिजेक्ट हो रहे सेम्पल बने जंजाल

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले में पिछले 4 दिन से कोरोना का कोई भी पॉजिटिव केस सामने नहीं आया है। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है। सोमवार को 500 सैम्पलों की आरटीपीसीआर जांच रिपोर्ट सामने आई है। जहाँ सभी सैम्पल जांच में निगेटिव पाए गए हैं। वही रविवार को 1362 सैम्पलों की जांच रिपोर्ट पाई गई। जिनमें 1273 सैम्पल निगेटिव। जबकि 89 रिजेक्ट पाए गए परंतु पॉजिटिव सैम्पल कोई नहीं मिला। जिले में एक्टिव केस की संख्या घटकर 21 रह गई है। लेकिन लगातार रिजेक्ट हो रहे सेम्पलों ने जरूर जांचकर्ताओं को असमंजम में डाल दिया है। राहत मिलने के बाद सोमवार से कोरोना कर्फ्यू में कुछ हद तक छूट दी गई हैं। अब सोमवार से शनिवार तक बाजार सुबह से लेकर रात 10 बजे तक खुले रहेंगे।

## जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा ने विश्व रक्तदान दिवस पर 14 मई को रक्तदान शिविर का आयोजन किया

**शिवपुरी।** जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा के द्वारा विश्व रक्तदान दिवस पर 14 मई को प्रेम विला विष्णु मंदिर के सामने रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमे चीफ गेस्ट के रुप में शिवपुरी एसडीएम अरविंद बाजपाई ओर गेस्ट ऑफ होनर के रूप में जीतू राठखेड़ा उपस्थित रहे।और एस आर पत्रिका न्यूज़ के पत्रकार अरशद अली को सम्मानित किया और कार्यक्रम में संजीव बानझल,एडवोकेट हरिओम जैन, गजेंद्र सिंह यादव , भरत अग्रवाल नारियल वाले, रमन अग्रवाल ,शैलेन्द्र जैन , राजू जैन प्रेम स्वीट्स उपस्थित रहे इन सभी अतिथियों को पौधा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । जिसमें अध्यक्ष जेसी स्मिता सिंघल , जेसी तनुजा गर्ग , जेसी नीतू जैन ज्वैलर्स , जेसी रश्मि गोयल , जेसी संध्या अग्रवाल , जेसी आशु अग्रवाल , पीसी जेसी भारती जैन , जेसी रानी गोयल , जेसी नीता श्रीवास्तव , जेसी कमलेश सक्सैना , जेसी रुचि मंगल , जेसी प्रियंका गुप्ता, जेसी दीपिका सक्सेना , जेसी सुधा गुप्ता , उपस्थित रहीं इन सबके सहयोग से यह कार्यक्रम सफल हुआ ।



## पंजाब में गठजोड़

पंजाब की सियासत इस समय पूरे देश को अपनी ओर खींच रही है। राज्य में सियासी घटनाक्रम लगातार बदल रहे हैं। कांग्रेस की अंदरूनी कलह पूरी तरह समाप्त भी नहीं हुई थी कि अकाली दल ने एक नया सियासी दांव चलकर सभी को चौंका दिया। अकाली दल ने अचानक से बसपा के साथ गठबंधन कर सियासी गलियारों में एक नई सुगबुगाहट पैदा कर दी। आगामी चुनावों को देखते हुए प्रकाश



सिंह बादल और उनके बेटे सुखबीर सिंह बादल ने मायावती से हाथ मिलाकर राज्य के पिछड़े और दलित वोटों पर अपना कब्जा जमाने की तैयारी शुरू कर दी है। राज्य में दलितों का 32 फीसदी से ज्यादा वोट बैंक है। पिछले दिनों अकाली दल प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने चुनाव जीतने के बाद दलित उप मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा की थी। सुखबीर सिंह बादल को यह बात अच्छी तरह से पता है कि दलितों के समर्थन के बिना चुनाव जीतना संभव नहीं है। इसीलिए अकाली दल प्रमुख ने कुछ सोचकर गठबंधन को अंजाम दिया है। दरअसल, राज्य में अकाली दल को सत्ता चलाने का पुराने अनुभव रहा है। लंबे समय तक पंजाब की सत्ता का स्वाद चख चुकी पार्टी को भरोसा है कि दलित वोट बैंक को अगर साध लिया जाता है तो आगामी चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित है। इसी लिए अकाली दल ने दलित और पिछड़ों के हिमायती नेता को साथ रखकर चुनाव लडऩे का प्लान बनाया। शिरोमणि अकाली दल 2007-2012 के विधानसभा चुनावों में जीतकर सरकार बनाई थी। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री दोनों इसी दल के नेता बने थे। बाद में अकाली दल ने भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा और फिर सत्ता में वापसी की, लेकिन कृषि कानूनों के मुद्दों पर अकाली दल भाजपा से अलग हो गई। पंजाब के सबसे प्रभावशाली राजनीतिक परिवार यानी सुखबीर सिंह बादल को बसपा से गठबंधन करना कितना रास आएगा यह कहना तो अभी जल्दबाजी होगी, लेकिन इतना तो कहा जा सकता है कि राज्य में एक तिहाई से ज्यादा दलितों और पिछड़ों का वोट बैंक चुनावी नतीजों के बदलने में अहम भूमिका अदा कर सकता है। राज्य में अनुसूचित जातियों की अच्छी खासी संख्या है। अकाली दल को यह पता है कि सत्ता पाने के लिए 40 फीसदी से ऊपर वोट प्रतिशत होनी चाहिए, अगर इससे कम होगा तो सत्ता पाना मुश्किल होगा। इसलिए सुखबीर बादल ने समय रहते हालात को भांप लिया। पंजाब में अकाली दल जब भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ती थी तो उसका फायदा अकाली दल को मिलता था क्योंकि हिंदू वोट भी अकाली दल के पक्ष में जाता रहा। पंजाब का मालवा इलाका हिंदू वोटों का गढ़ माना जाता है, जहां करीब 67 विधानसभा सीटें आती हैं। यहां पर भाजपा के चलते अकाली दल को सियासी फायदा मिलता था, लेकिन भाजपा से अलग होने के बाद सुखबीर सिंह को यहां पर नुकसान उठाना पड़ सकता है। हालांकि सुखबीर सिंह हिंदू वोटरों को भी अपने पक्ष में करने के लिए लगातार इलाकों का दौरा कर रहे हैं। देश में पंजाब में दलितों का प्रतिशत सबसे ज्यादा है,आबादी का कुल 32 फीसदी दलित इस राज्य में हैं, लेकिन आज तक पंजाब के राजनीतिक इतिहास में कोई दलित मुख्यमंत्री नहीं बना।

# कांग्रेस के 'यस मैन' नहीं है कई कांग्रेस नेता खासकर पंजाब के कैप्टन

**अशोक भाटिया**

आजकल कई कांग्रेस नेता कांग्रेस से कतरा रहे है और शीर्ष नेता की हाँ में हाँ मिलाने से कतरा रहे हैं। कांग्रेस छोड़कर जितिन प्रसाद के भाजपा में शामिल होने के बाद से ही दो नामों को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है। छोड़ने वालों के नामों के आलावा कई नेता है जो कांग्रेस के यस मेन नहीं है और वो आज जो कुछ भी है वो अपनी छवि पर है।हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के बाद अमरिंदर सिंह ने एक बार फिर से कांग्रेस नेतृत्व को संदेश देने की कोशिश की। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी समेत सभी पार्टी नेता वैक्सीन पर नरेंद्र मोदी को घेर रहे थे, लेकिन, पंजाब के मुख्यमंत्री ने पार्टी लाइन से अलग रुख अपनाते हुए वैक्सीनेशन अभियान के लिए पीएम मोदी को %थैंक यू% कहा. साथ ही ये भी कहा कि आने वाले दो हफ्तों में केंद्र और राज?य सरकार नए दिशा निर्देशों के अनुसार काम करेंगे। इस स्थिति में सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर कैप्टन अमरिंदर सिंह ऐसे बयानों से शीर्ष नेतृत्व को क्या संदेश देना चाहते हैं?

कांग्रेस के विधायकों और सांसदों की कैप्टन अमरिंदर सिंह के खिलाफ गुटबाजी कांग्रेस की ही देन है. दरअसल, 2017 के विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने प्रताप सिंह बाजवा से अमरिंदर सिंह के लिए जगह छोड़ने को कहा था. कैप्टन ने भी उस चुनाव को अपना आखिरी चुनाव बता दिया था। लेकिन, वह एक बार फिर से चुनाव के लिए कमर कस चुके हैं। इस स्थिति में राजनीतिक महत्वाकांक्षा के चलते प्रताप सिंह बाजवा ने पार्टी में कैप्टन विरोधी खेमे को बढ़ावा दिया। कांग्रेस में शामिल होने के बाद नवजोत सिंह सिद्धू भी कैप्टन की उपेक्षा के शिकार हो गए. सिद्धू के मुखर होने की सबसे बड़ी वजह यही है। राहुल गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद तो कैप्टन सरकार में सिद्धू को हाशिये पर डाल दिया गया।जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने से लेकर राम मंदिर मुद्दे तक कई मामलों पर कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कांग्रेस की लीक से हटकर अपना अलग स्टैंड रखा है। देश से जुड़े मामलों पर अमरिंदर सिंह की राय हमेशा से ही निजी रही है। वो हर मामले पर कांग्रेस के %यस मैन% नहीं कहे जा सकते हैं। किसान आंदोलन के दौरान भी कैप्टन ने पाकिस्तान द्वारा माहौल बिगाड़ने के लिए हथियारों की खेप भेजे जाने जैसी बातें कही थीं। यह पहली बार नहीं जब कैप्टन ने बगावती सुर अपनाए हों. 1984 में %स्वर्ण मंदिर% पर हुई सैन्य कार्रवाई से क्षुब्ध होकर अमरिंदर सिंह ने लोकसभा से इस्तीफा तक दे दिया था। जिसके बाद वो शिरोमणी अकाली दल में शामिल हो गए थे। अकाली सरकार में वह कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं।

अमरिंदर सिंह से नाराज चल रहे विधायकों और सांसदों को लेकर कैप्टन की ओर रुख साफ कर दिया गया है कि वह सबको साथ लेकर चलने की कोशिश करेंगे।लेकिन, वह ऐसे किसी भी फॉर्मूले या सोशल इंजीनियरिंग के पक्ष में नहीं हैं, जो 2022 में उनकी मुख्यमंत्री पद की उम्मीदवारी को कमजोर करता हो। विरोधियों को लेकर अमरिंदर सिंह नरम रहेंगे, लेकिन कांग्रेस हाईकमान के सारे फैसलों को आंख मूंदकर नहीं मानेंगे।कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व की ओर से अमरिंदर सिंह पर दबाव बढ़ाया जाता है, तो वह एक बार फिर से अलग रास्ता अख्तियार कर सकते हैं। अगर ऐसा होता है, तो कांग्रेस को सीधा नुकसान झेलना पड़ सकता है। पंजाब में अमरिंदर सिंह के आगे नवजोत सिंह सिद्धू अभी भी कमजोर चेहरा ही हैं।अगर कांग्रेस आलाकमान की ओर से कोई ऐसा फॉर्मूला दिया जाता है, जो अमरिंदर सिंह की सियासी गणित में फिट न बैठे, तो कैप्टन की बगावत



तय मानी जा सकती है। 1992 में अपनी अकाली दल से अलग होकर अपनी पार्टी बनाने वाले कैप्टन को उस समय अकेले दम पर पार्टी चलाने से कोई खास फायदा नहीं हुआ था। लेकिन, अब इस बात को करीब तीन दशक बीतने को हैं। 20 विधायकों के बागी तेवर अपनाने से कैप्टन की सेहत पर कोई फर्क पड़ता नहीं दिखता है।अमरिंदर सिंह के पक्ष में अभी भी 57 विधायक हैं. हाल ही में आप के बागियों को कांग्रेस में लाकर कैप्टन ने अपनी ताकत का अंदाजा करवा दिया है।अगर अमरिंदर सिंह बगावत करते हैं, तो कांग्रेस के लिए स्थितियां अचानक से प्रतिकूल हो जाएंगी। आम आदमी पार्टी राज्य में पूरा जोर लगा रही है, लेकिन उसके पास अमरिंदर सिंह के खिलाफ कोई चेहरा नहीं है। हो सकता है कि आम आदमी पार्टी के विधायक टूटकर अमरिंदर सिंह की झोली में आ गिरें. इस स्थिति में सत्ता में बने रहने के लिए कांग्रेस को अमरिंदर सिंह के आगे झुकना ही होगा।

पंजाब के पटियाला राजघराने से ताल्लुक रखने वाले अमरिंदर सिंह एक मजबूत जनाधार वाला और कद्दावर नेता माना जाता है। 2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर के बावजूद उन्होंने अमृतसर में अरुण जेटली को हराया था। 2017 के विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित न किए जाने पर अमरिंदर सिंह बगावत के मूड में आ गए थे। हालांकि, सीएम उम्मीदवार घोषित होने पर यह बगावत शांत हो गई थी। कांग्रेस के साथ समस्या ये है कि कैप्टन के विरोध में चाहे जितने नेता और विधायक हों, लेकिन पंजाब में अमरिंदर सिंह की टक्कर का अन्य कोई नेता नहीं है।पंजाब में जारी सियासी गुटबाजी को दूर करने के लिए कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की ओर से गठित की गई समिति जल्द ही सोनिया गांधी को अपनी रिपोर्ट सौंप देगी। कयास लगाए जा रहे हैं कि दिल्ली में हुई इस बैठक में कैप्टन अमरिंदर सिंह और नवजोत सिंह सिद्धू समेत विरोधी खेमे के नेताओं के बीच जारी जंग को खत्म करने का फॉर्मूला निकाल लिया गया है। कहा जा रहा है कि उत्तर प्रदेश की ही तरह पंजाब में भी दो उपमुख्यमंत्री बनाए जा सकते हैं. नवजोत सिंह सिद्धू के साथ एक दलित चेहरे को उपमुख्यमंत्री का पद दिया जा सकता है। लेकिन, ये सब अभी तक कयास ही हैं।

हालांकि, कैप्टन अमरिंदर सिंह ने मल्लिकार्जुन खडगे के नेतृत्व वाली समिति के सामने पेश होने के बाद इसे पार्टी की अंदरूनी बैठक बताते हुए कहा था कि छह महीने के बाद चुनाव होने हैं, उन्हीं मुद्दों पर बातचीत हुई। दिल्ली में तीन घंटे चली इस मैराथन बैठक के बाद अमरिंदर सिंह का ये बयान एक तरह से कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को स्पष्ट संदेश था कि उन्हें झुका पाना आसान नहीं है।कांग्रेस को संभल कर रहना है कहीं उसके किले ढहते न जाय।

## ब्रह्म मुहूर्त में क्यों जागे

साढ़े तीन बजे का महत्व सिर्फ 33 डिग्री अक्षांश तक के लिए ही होता है। 3.40 पर सूर्य उस जगह पहुंच जाता है, जहां उसका सीधा संबंध पृथ्वी से हो जाता है। इस समय उसकी किरणें ठीक आपके सिर के ऊपर होती हैं। जब सूर्य की किरणें धरती के दोनों तरफ एक ही जगह पड़ती हैं, तो इंसान का सिस्टम एक खास तरीके से काम करने लगता है और तब एक संभावना बनती है। इस संभावना के इस्तेमाल करने को लेकर लोगों में जागरूकता रही है। अगर आपके सिस्टम में एक जीवंत बीज पड़ चुका है और अगर आप ब्रह्म मुहूर्त में जागकर कोई भी अभ्यास करने बैठते हैं तो यह बीज आपको सबसे ज्यादा फल देगा। वैसे तो सूर्य हमेशा आपके सिर के ऊपर ही होता है, लेकिन जब मैं कहता हूं कि सूर्य ठीक आपके सिर पर है तो इसका मतलब है उस समय वह आपके सिर पर लंबवत है। उस समय यह एक विशेष तरीके से काम करता है। यह समय होता है 3.4? से लेकर अगले 12 से 20 मिनट तक। अब सवाल आता है कि इस समय में हम क्या करें? इस समय में हम ध्यान करें या क्रिया करें? इससे कोई फर्प नहीं पड़ता कि आप क्या करें। इस समय में आपको वही करना चाहिए, जिसमें आपको दीक्षित किया गया है। दरअसल, दीक्षा का मतलब यह नहीं है कि आपको कोई क्रिया सिखाई गई है, इसका मतलब है कि इस क्रिया से आपके सिस्टम को परिचित करा कर आपके सिस्टम में इसे बाकायदा स्थापित किया गया है। अगर आपके सिस्टम में एक जीवंत बीज पड़ चुका है और अगर आप ब्रह्म मुहूर्त में जागकर कोई भी अभ्यास करने बैठते हैं तो यह बीज आपको सबसे ज्यादा फल देगा। उसकी वजह है कि इस समय धरती आपके सिस्टम के अनुसार काम करती है। अगर आप खास तरीके से जागरूक हो जाते हैं, आपके भीतर एक खास स्तर की जागरूकता आ जाती है तो आपको इस समय का सहज रूप से अहसास हो जाता है। अगर आप सही वक्ति पर सोने चले जाते हैं तो आपको उठने के लिए घड़ी देखने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आपको हमेशा पता चल जाएगा कि कब 3.40 का वक्ति हो गया है, क्योंकि यह वक्ति होते ही आपका शरीर एक अलग तरीके से व्यवहार करने लगेगा।

# आओ रक्तदान करें

रक्तदान को करने वालों, करता हूँ मैं तुम्हें प्रणाम
नवजीवन के हे प्रदाता, रक्त वीर तुमको प्रणाम
है मतलब किसको धरती पर, जीवन बिता जाता है
मतलब, स्वार्थ की भाषा से, सब को तौला जाता है
फेर नज़र को बैठी दुनिया, कब जाने मानवता को
जिसकी उँगली कटती है, वो ही जाने इस ममता को
निमर्म हुए इस कलियुग में, हे जीवनदाता तुम्हें प्रणाम
नवजीवन के हे प्रदाता, रक्त वीर तुमको प्रणाम
उठती है बिन रक्त धरा पर, अर्थी बूढ़े हाथों से
समय बड़ा ही पापी बनकर, खेला है जज्बातों से
पापी है वो आँखे जालिम, रोती ना देख कराहों को
अब भी मानवता जिंदा, है खोले प्रेमी बाँहों को
समझाया है धर्म धरा पर, जीवनदाता तुम्हें प्रणाम
नवजीवन के हे प्रदाता, रक्त वीर तुमको प्रणाम

बहुत सूकुन मिला आज
जब उस शख्स ने आकर पूछा
कि मरीज के क्या लगते हो भाईसाहब
और हमनें खून देते वक्त कहा
कुछ नहीं

युवा और स्वस्थ व्यक्ति के लिए रक्तदान कोई नुकसान नहीं है। बीमार के लिए रक्तदान जीवन की आशा है, जीवन को वापस देने के लिए रक्त दान अवश्य करें !

जीवन का सर्वश्रेष्ठ पुनीत कार्य रक्तदान है। रक्तदान करके किसी के जीवन को बचाया जा सकता है। रक्तदान हमारे शरीर के लिए बहुत ही जरूरी होता है, और इससे एक व्यक्ति की जान भी बच सकती है, रक्तदान स्त्री या पुरुष कोई भी कर सकता है 7 कुछ व्यक्ति होते है जो रक्दान देने से डरते है इसलिए हर साल रक्तदान दिवस (Blood Donor Day) 14 जून को मनाया जाता है इससे लोगों में रक्तदान के जाकरूकता बढ़ती है और वह रक्तदान करते है

रक्तदान महादान होता है। धीरे-धीरे लोग इसका महत्व समझने लगे हैं और रक्तदान के प्रति जागरूकता का माहौल भी देखने को मिल रहा है। फिर भी बहुत सारे जिनको अभी अभी रक्तदान करने से डर लगता हैं, तो हमारा कृतव्य हैं कि हम उन्हें जागरूक करे।

हमको यह भावना जन-जन तक पहुंचानी चाहिए कि रक्तदान महादान है। इससे लाखों लोगो की जिंदगी बच सकती है। अगर आप की वजह से किसी की जिन्दगी बचती हैं । तो आपको जो संतुष्टि का एहसास होगा उसे शब्दों में बयाँ करना मुमकिन नही हैं।



**प्रफुल्ल सिंह 'बेचैन कलम'**
**युवा लेखक/स्तंभकार/साहित्यकार**
**लखनऊ, उत्तर प्रदेश**
**सचलभाष/व्हाट्सअप ~ 6392189466**
**ईमेल : prafulsingh~®@gmail.com**

# कभी जहां पर उजालों ने खुदकुशी की

## कोरे कागज पर अब भाव नहीं उभरते

**निक्की शर्मा रश्मि, मुम्बई**

कोरे कागज पर अब भाव नहीं उभरते
मौन है अब पीड़ा भी पीड़ा देखकर
जिंदगी के जख्मों से, संकट पग पग
हर पल, हर तरफ बहते अश्कों को
कोई पोछने वाला नहीं, करीबी दूर हैं
ये दुखद एहसास होकर भी मौन है
कचोटता दिल,बहते आँसू फिर भी मौन है
इस बेबसी लाचारी के आलम में
मेघमय पवन बह रही मंद मंद
फुहार फिर आई है समय पर
लेकिन वह उल्लास वह खुशी नहीं
जो मन को भाता था, वह फुहार
जो कभी मन गुदगुदाता था
पावन अलौकिक धरा आज भी है
लेकिन वह पीड़ा,निरंतर जलती चिताओं को देख
मन व्यथित होता है,यह सवाल उठता है
बार बार और हर बार लिखूं तो लिखूं कैसे
इस पीड़ा से कोरे कागज को भरू कैसे
मन में उठते तूफानों को लिखूं या
जलती चिताओं की व्यथा को लिखूं
इसलिए कोरे कागज पर अब भाव नहीं उभरते
हाँ भाव नहीं उभरते।

**राजेश शर्मा**

देश में कोरोना भले ही आम नागरिकों के लिए महामारी साबित हो रहा हो लेकिन यह रोग राजनीतिबाजों के लिए हथियार साबित होता जा रहा है। अब कोरोना की लहरों पर सवार हो राजनीतिक दल साहिल पर पहुंचने के लिए जोर आजमाईश करते दिखाई दे रहे हैं। देश में सन् 2022, 23,24 यानि लगातार तीन वर्ष विधानसभाओं ,लोकसभा एवं निकाय चुनाव सम्पन्न होने हैं। इन चुनावों में ÷कुर्सी बचाव-कुर्सी हथियाओ÷ को लेकर भाजपा,कांग्रेस सहित विभिन्न क्षेत्रीय दलों में दो-दो हाथ होने के हैं।इसी की तैयारी में पार्टी संगठनों ,सत्तारूढ़ दलों एवं विपक्षी पार्टियों को कुर्सी के चस्के ने चुनावों का चश्मा पहना दिया है। अब सियासती लोग हर दृश्य चुनावी चश्मे से ही देख रहे हैं, यही वजह है कि मूल मुद्दों से हटकर अब पार्टियों ने कोरोना का हथियार उठाकर दंड पेलना शुरु कर दिया है।

कोरोना के मामले में भाजपा, देश के प्रति अपने अहसान का गुणगान करते नहीं थक रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी टीवी चेनलों के माध्यम से राष्ट्र को संबोधित ऐसे करते हैं जैसे भाजपा का चुनाव प्रचार कर रहे हों। उपलब्धियां गिनाते-गिनाते आधा घंटा निकल जाता है। साथ ही इस दौरान कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों को परोक्ष रुप से खलनायक भी साबित करने से वह पीछे नहीं हटते।

मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा के ड्रामे भी चुनाव परिप्रेक्ष्य में ही दिखाई दे रहे हैं। यूपी में मुख्यमंत्री योगी की गिल्लियां उचकाने का



मामला हो या मप्र में शिवराज के राज को जरा (बुढ़ापा) करार देने की साजिश। दोनों ही राज्यों के रंगमंच पर यकायक प्रकट हुए ड्रामें सन् 1992 की याद ताजा करते हैं जब कांग्रेस की केंद्र सरकार ने तीन भाजपा शासित राज्यों की गिल्लियां बिखेर दी थीं। लेकिन अभी अंतर इतना है कि यह भाजपा के अंदर का मामला है। जैसा कि जग जाहिर है जब भी भाजपा में मौन कलह मचती है, यानि कमराबंद बैठकें होती हैं तो आरएसएस बीच-बचाव की मुद्रा में आ जाता है। यूपी के ड्रामे का पटाक्षेप तो हो गया अब एमपी की बारी है। सोशल मीडिया पर मचे हाहाकार, अटकलबाजी के बाद प्रदेश के नामी भाजपा नेताओं द्वारा दिए जा रहे स्पष्टीकरण इस बात का द्योतक है कि कहीं न कहीं दाल में काला जरुर है।

**सियासती वक्तव्यों की मजबूरी - मूंह में राम बगल में छूरी ...**

मध्यप्रदेश के राजनीतिक हल्कों में चर्चा है कि जब से ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भाजपा ज्वाइन की, तभी से भाजपा और संघ का एक धड़ा उन्हें पचा नहीं पा रहा। अंदरुनी विरोध बाहर नहीं आ पा रहा क्योंकि सिंधिया भाजपा के गले की हड्डी बन गए हैं न थूके जा सकते ओर न ही निगले जा सकते। सिंधिया-भाजपा के रिश्ते को प्यार का नाम नहीं दिया जा सकता बल्कि मात्र समझोता कहा जा सकता है। प्यार और समझोते में क्या अंतर है यह सभी नर-नारी अच्छी तरीके से जानते हैं। समझोता एक्स्प्रेस उसी वक्त बंद होगी जब मतलब का हल होना बंद हो पाएगा और तनाव अपनी चरम सीमा को लांघ जाएगा।

मध्यप्रदेश भाजपा के शीर्ष नेताओं की जुबां फिसलते-फिसलते बच गई या यूं कहें कि उसकी दिशा बदल दी गई है। कमराबंद मीटिंग के बाद स्व. गोपालदास नीरज़ की पंक्तियाँ मौजू ठहरती हैं कि समय ने जब जब भी अंधेरों से दोस्ती की है, जला के अपना ही घर, हमने रौशनी की है...सबूत हैं मेरे घर में धुंए के ये धब्बे, कभी यहाँ पे उजालों ने खुदकुशी की है..!! कोरोना हो या कुर्सी का रोना सब पर्दे के पीछे से सोना उगल रहे हैं। भाजपा के लिए उपलब्धियां बताने और कांग्रेस के लिए खामियां गिनाने का इससे बेहतर अवसर कब आने वाला है! दूसरी तरफ मामा की गिल्ली उचका कर फूफा कहलाने का अवसर भी भाजपा के शीर्ष नेताओं के हाथ से फिलहाल फिसला दिखाई दे रहा है। कुल मिलाकर बात यही सामने आ रही कि ज्ञानी हो फिर भी न कर दुर्जन संग निवास... सर्प सर्प है, भले ही मणि हो उसके पास।

## मेहनत

मेहनत से उठा हुआ हूं,
मेहनत का दर्द जनता हु
आसमां से ज्यादा ज़मीं की कद्र जानता हूं
लचीला पेड़ था जो झेल गया आंधियां ,
मैं मगरूर दरखतों का हश्र जनता हूं।
छोटे से बड़ा बनना आसान नहीं होता,
जिंदगी में कितना जरूरी है सब्र जनता हूं मैं।
मेहनत बढ़ी तो किस्मत भी बढ़ चली,
छालों में छिपी लकीरों का असर जनता हूं।
बेवक्त, बेवजह,बेहिसाब मुस्कुरा देता हूं,
आधे दुश्मनों को तो यूं ही हरा देता हूं।
काफी कुछ पाया पर अपना कुछ न माना,
क्योंकि एकदीन रख ही होना हैं,
सोना नहीं बानूंगा ये जनता हूं।
दोस्तों .......? के लिए



**जयश्री बिरमी**
**अहमदाबाद**

## विधा- कविता

शीर्षक -÷भोगों के जो दास बने हैं.
गीता का उपदेश सुनाते ,फिर भोगों में लिप्त हो जाते.
करें प्रदर्शन करें दिखावा , कुकर्मों से हाथ सने हैं.
भोगो के जो दास बने हैं.77177
अहंकार में यूं खो जाते, अपनों को भी भूल वह जाते.
एक पल में वह रंग बदल कर, इंसा का परिहास बने हैं.
भोगो के जो दास बने हैं..77277
आंखों में ना शर्म हया है, कथनी करनी करें बया है.
मन मैला तन साफ लिए वह, एक अतीत का श्राप बने हैं.
भोगो के जो दास बने हैं ..77377
स्वरचित, अप्रकाशित एवं मौलिक रचना
लेखिका/ रचनाकार~ रीता तिवारी ÷रीत÷



**संप्रति~ अध्यापिका, स्वतंत्र लेखिका एवं कवयित्री**
**शिक्षा~ एमए समाजशास्त्र, बी एड, सीटीईटी उत्तीर्ण**
**मऊ ,उत्तर प्रदेश से**

# बिजली बिल वसूली के लिए सख्ती की तैयारी, बिल जमा न करने वालों के होंगे बंदूक लाइसेंस निरस्त

### भिंड के टॉप-100 बकायादारों की सूची बना रही बिजली कंपनी, एडीएम को बसूली के लिए सौंपी जायेगी लिस्ट



भिण्ड। चंबल की आन, बान और शान बंदूक को कहा जाता है। अब बिजली कंपनी 100 बड़े बकायादारों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की तैयारी कर रही है। जिला प्रशासन की टीएल बैठक में यह निर्देश कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने जारी किए है। उन्होंने मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अफसरों से जिले के टॉप-100 बकायादारों के नाम मांगे हैं। ऐसे बकायादारों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए जाने की कार्रवाई होगी। फिलहाल, इस निर्णय के बाद प्रशासनिक अफसरों की कागजी कार्रवाई शुरू हो चुकी है। सोमवार को संपन्न हुई टीएल बैठक में निर्णय सुनाते हुए कलेक्टर ने मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक दिनेश सुखीजा से कहा कि यह जिले के टॉप-100 लोगों की सूची में व्यावासायिक, कॉमर्शियल, इंडस्ट्रीजए व घरेलू सभी प्रकार के उपभोक्ताओं को शामिल किए जाएं। यह निर्देश के बाद बिजली कंपनी के अधिकारी काम पर जुट गए हैं।

### उपमहाप्रबंधकों को बसूली के लिए उपलब्ध कराये सूची

बिजली कंपनी के लहार, मेहगांव, गोहद व भिंड डिवीजन के उप महाप्रबंधकों को तत्काल सूची उपलब्ध कराए जाने के लिए निर्देशित किया जा चुका है। अब हर डिवीजन के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के बडे एक्टिव बकायादारों की सूची तैयार करने में जुटे हैं। संभवतः मंगलवार की शाम तक यह सूची कलेक्टर को सौंप दी जाएगी। जिसके बाद जिलेभर में युद्ध स्तर से बकायादारों के बिल की राशि बसूलने की कार्रवाई की जायेगी।

### नोटिस देकर आखिरी मौका देगा प्रशासन

बिजली बिल के बडे बकायादारों के सशस्त्र लाइसेंस निरस्त किए जाने की कार्रवाई से पहले आखिरी मौका प्रशासन देगा। प्रशासन स्तर पर ऐसे बकायादारों को नोटिस जारी होंगे। इसके बाद बकायादारों को बिल जमा करके रसीद ।क्ड कार्यालय में जमा करनी होगी। रसीद जमा न करने पर ऐसे बकायादार का लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा।

### इनका कहना है:

सोमवार को संपन्न हुई टीएल बैठक में जारी निर्देशों के आधार पर सूची तैयार कराई जा रही है। यह सूची कल शाम तक एडीएम को सौंपी जाएगी।

# सोनिया गांधी जी दिग्विजय सिंह के धारा 370 हटाने के बयान का देश की जनता के सामने स्पष्टीकरण दे कि वो उनके इस बयान से सहमत है कि नहीं: अरविन्द भदौरिया

### सहकारिता मंत्री डॉ.अरविन्द सिंह भदौरिया ने बयान की निंदा की

### दिग्विजय सिंह ने राष्ट्र विरोधी बयान देकर भारत को तोडने का काम किया



भिण्ड। मध्यप्रदेश सरकार में सहकारिता व लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया ने बुधनी में मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह पाकिस्तान की मदद करते है और उन्होंने पाकिस्तान पत्रकार के साथ बयान देकर स्पष्ट कर दिया कि कांग्रेस सत्ता में आई तो धारा 370 बहाल करेंगे। उन्होंने यह राष्ट्रद्रोही बयान देकर समाज को तोडने का काम किया है। मैं इसकी कडे शब्दों में निंदा करता हूं। दिग्विजय सिंह के इस तरह के बयान से उनकी ओछी मानसिकता सामने आ गई है। मंत्री डॉ. भदौरिया ने कहा कि पाकिस्तान के समर्थन में वे हमेशा बयान देकर उनकी नीति और उत्तरप्रदेश चुनाव के दौरान ओसामा बिन लादेन को जी से संबोधित करना उनकी ओछी मानसिकता हमेशा से सामने आती रहीं है।

मंत्री अरविन्द भदौरिया ने कहा कि इसका जबाव कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी जी को देना चाहिए की वो पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के इस बयान का समर्थन करती है या नहीघ् उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद मोदी की सरकार ने जम्मू कश्मीर के विकास की दिशा में कार्य करते हुए देश की 130 करोड जनता की मांग पर धारा 370ए 35ए को हटाकर समान नागरिकता का काम किया है। इस कारण देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पीछे खडी है।

## 16 जून से 15 अगस्त तक वर्षा ऋतु में मछली मारने, क्रय करने या बेचने पर प्रतिबंध

भिण्ड । संपूण मध्यप्रदेश में 16 जून से 15 अगस्त 2021 तक मछली का प्रजनन काल होने से बंशवृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए मत्स्य संरक्षण की जाकर उक्त काल को बंद ऋतुकाल घोषित किया गया है। कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने आदेश जारी कर कहा है कि म.प्र. मत्स्यद्योग अधिनियम 1948 (संशोधित) 1981 की धारा 3 (3) एवं म.प्र. नदीय नियम 1972 के नियम 3(2) के अंतर्गत संपूर्ण मध्यप्रदेश में 16 जून से 15 अगस्त तक बंद ऋतुकाल होने के कारण अवैधानिक मतस्याखेट/ परिवहन, क्रय, विक्रय, निषद्व होकर संज्ञेय अपराध है, नियम का उल्लंघन करने पर उक्त मत्स्यद्योग की धारा 5 में रूपये 5 हजार तक का जुर्माना अथवा एक वर्ष का कारावास अथवा दोनो से दंडित किये जाने का प्रावधान है।

# बिजली की समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस ने दिया कलेक्टर को ज्ञापन

### कोरोनकाल के दौरान अप्रैल-मई के बिजली बिल माफ किये जायें: परिहार'



भिण्ड। विद्युत उपभोक्ताओं को आ रही बिजली समस्या को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के विद्युत प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह परिहार ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष जयश्रीराम बघेल के नेतृत्व में 8 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर सतीश कुमार एस को ज्ञापन सौंपाए श्री परिहार ने ज्ञापन द्वारा मांग की है कि कोरोनकाल में अप्रैल और मई माह के सभी उपभोक्ताओं के बिजली बिल माफ किये जायें। कोरोनाकाल में व्यावसायिक और मजदूरी गतिविधियां पूर्णतः ठप्प होने से बकाया वसूली भी 6 माह तक स्थगित की जायेए बिजली बिल आंकलित न देते हुए रीडिंग से दिए जाएं और आये दिन आ रही बिजली समस्या में अविलंब सुधार किया जाये। बिजली समस्या को लेकर कार्यालय में जाने वाले उपभोक्ताओं से अभद्रता पूर्वक व्यवहार न किया जायेए टोल फ्री नम्बर सेवा ठप्प है शिकायतें बिना निराकरण के ही डिस्पोज कर दी जाती है जिसकी जांच कराई जाए। श्री परिहार और जिला अध्यक्ष जयश्रीराम बघेल के द्वारा बिजली समस्या को लेकर दिए गए।

ज्ञापन में मुख्यरूप से जिला उपाध्यक्ष डा.राधेश्याम शर्मा, जिला महामंत्री ममता मिश्रा, जिला प्रवक्ता डॉ.अनिल भारद्वाज, संतोष त्रिपाठी, सेवादल जिलाध्यक्ष संदीप मिश्रा, महेश जाटव, जितेंद्र वर्मा, दर्शन सिंह, अरविंद सोनी, राजू सिंह, पंकज भादौरिया अकोडा, कुलदीप भारद्वाज, अनीश कुरैशी, राहुल सिंह कुशवाह,दर्शन तोमर, राजू लोधी, मनोज जैन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# विकास खंड शिक्षा अधिकारी लहार द्वारा समेकित छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत छात्रवृत्ति वितरण एवं परीक्षण से संबंधित बैठक संपन्न



भिण्ड। कार्यालय विकास खंड शिक्षा अधिकारी लहार में विकासखंड के अंतर्गत समस्त संकुल प्राचार्यो एबम परीक्षण दल के सभी सदस्यों की बैठक आयोजित की गयी जिसमे सभी संकुल प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि आपके अधीनस्त समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में समेकित छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत वर्ष 2013 -14 से ऑनलाइन संचालित है छात्रवृत्ति संचालित उपरोक्त सत्र से गत सत्र तक का छात्रवृत्ति वितरण परीक्षण किया जाना है जिसमें संकुलबार, स्कूलबार, योजनाबार, बजट शीर्षबार, छात्रवृत्ति स्वीकृत एवं वितरण बर्ष बार का परीक्षण शत प्रतिशत करना है जिसमें आप सभी अपने अधीनस्थ शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के समस्त अभिलेख वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशानुसार अद्यतन कर तीन दिवस में कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए आज की बैठक में प्रमुख रूप से विकास खंड शिक्षा अधिकारी लहार एस एन.नीखरा, उत्कृष्ट प्राचार्य लहार करन सिंह कुशवाह, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक लहार शैलेंद्र सिंह कुशवाह, ब्लॉक एम.आई.एस.कोर्डिनेटर जानकी नंदन समाधिया, श्रीमती सुमन दौहरे लिपिक बीईओ कार्यालय लहार, दबोह प्राचार्य जागेश्वर निराला, आलमपुर प्राचार्य महेंद्र सिंह यादव, राकेश सिंह तोमर, असवार प्राचार्य भारत सिंह गौतम, टोला से हरनारायण दीक्षित,कन्या लहार से चंद्रशेखर पाण्डेय सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित हुये।

# भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य देवेंद्र ने अपने पिता के मृत्युभोज न करने का संकल्प लेते हुए अवंती वाई छात्रावास को 11 हजार की राशि कमेठी को भेंट



भिण्ड। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के नवनियुक्त सदस्य पूर्व मंडी अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने अपने पिता जी स्व.हाकिम सिंह का मृत्युभोज न करने का संकल्प लेते हुए अखिल भारतीय लोधी महासभा की जिला कमेठी को 11 हजार राशि छात्रवास के जीर्णोद्धार के लिये समर्पण की जो कि समाज के लिए एक अनुकरणीय पहल की है इससे हमारे समाज मे फैली कुरूतियों को दूर करने का संदेश समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचने का कार्य किया है। पूर्व मंडी अध्यक्ष नरवरिया के आर्यनगर स्थिति निवास पर अखिल भारतीय लोधी क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष व ग्राम पंचायत नायव सरपंच सुघर सिंह नरवरिया ने कहा है कि भिण्ड जिले के समस्त लोधी समाज को म्रत्यु भोज न करने के लिये लोगो को जागृत किया जा रहा है और समाज के हर व्यक्ति को स्वयं निर्णय लेकर समाज हित मे कार्य करना चाहिए।

पूर्व मंडी अध्यक्ष नरवरिया ने अपने निवास पर 11000 रु की राशि को ससम्मन जिला कमेठी को दिए और वही समाज के लोगो ने पुष्प हार पहना कर भाजपा में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाये जाने पर स्वागत करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा नेता लोधी समाज जिला महामंत्री एडवोकेट महेश सिंह नरवरिया, गिरजा शंकर सिंह, नवरंग सिंह, मोनू नरवरिया, अतिराज सिंह, जगदीश सिंह, प्रभाकर सिंह पटवारी प्रमुख उपस्थित थे

## मानसिक रूप से विक्षिप्त युवती को बहला-फुसलाकर ले गया युवक

### युवती के परिजन ने आरोपी युवक पर रेप का भी आरोप

भिण्ड। जिले में एक समुदाय विशेष की मानसिक रूप से विक्षिप्त युवती को बहला कर ले जाने का मामला सामने आया परिजन की शिकायत पर पुलिस ने तिवारी की बारामदगी के बाद आरोपी युवक पर मामला दर्ज कर लिया है युवती के परिजन ने आरोपी युवक पर रेप का भी आरोप लगाया है कि उसने युवतियों के साथ रेप भी किया है, पुलिस अब पूरे मामले की जांच करने में जुटी है। कोतवाली क्षेत्र के हाउसिंग कॉलोनी स्थित रहने वाली पीडिता मानसिक रूप से बीमार है जिसका इलाज झांसी के किशोर क्लिनिक में लम्बे समय से चल रहा है, पीडित परिवार भिंड शहर के हाउसिंग कॉलोनी में अपनी छोटी से दुकान चलता है जहां पास ही एक चिल्लर प्लांट पर पांडरी के पसिया का रहने वाला अर्जुन राजावत नाम का युवक दुकान पर सामान लेने आता रहता था, अचानक शनिवार को वह को बहला फुसला कर अपने साथ ले गया।

**परिजनों ने लगाया दुष्कर्म का आरोप:** अचानक बेटी के ग़ायब होने पर पीडित परिवार ने थाना सिटी कोतवाली में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी, वही पता करने पर उन्हें अर्जुन द्वारा पीडिता को ले जाने की जानकारी लगी, तो परिजन ने आरोपी अर्जुन के घर से उसे बरामद किया और रविवार देर रात पीड़िता को लेकर कोतवाली पहुंचे और पूरी घटना थाना प्रभारी और महिला सब इन्स्पेक्टर को बतायी परिजन ने आरोप लगाया है की अपहरण के अलावा आरोपी द्वारा युवति से दुष्कर्म भी किया गया है।

# पूर्व विधायक की पोती ने खुद को मारी गोली, पिता को बंदिशें पसंद नहीं और मां रोक-टोक करती थी

### घर रोजाना होती रहती थी रार तंग आयी बेटी ने कट्टे से मार ली खुद को गोली



भिण्ड। लहार से भाजपा के कद्दावर नेता और पूर्व विधायक रसाल सिंह की पोती काजल ने रविवार शाम को खुदकुशी के इरादे से खुद को सीने में गोली मार ली। फिलहाल, घायल काजल को ग्वालियर के जन आरोग्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उधर, मामले की जांच को लेकर लहार एसडीओपी अवनीश बंसल समेत अन्य पुलिस बल ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच में पुलिस ने कट्टा भी बरामद कर लिया है। घटना रविवार शाम करीब साडे छह बजे की है। गोली चलने की आवाज के बाद पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और प्राथमिक जानकारी लेने के बाद लौट गई। इस बीच काजल के परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां से ग्वालियर रैफर कर दिया गया। सोमवार सुबह फिर से पुलिस, रसाल सिंह के निवास स्थल मयूरवन नरिया, ग्राम रहावली पहुंची। यहां पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस को कमरे में कट्?टा मिला। कट्टे के अंदर गोली चलने का कवर फंसा था। पडताल में सामने आया है कि माता-पिता के आपसी विवाद से परेशान होकर काजल ने खुद को गोली मारी ली।

### माता-पिता के झगडे से परेशान थी बेटी

एसडीओपी अवनीश बसंल के मुताबिक काजल के पिता शिशुपाल पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इन मामलों में पैरोल पर बीते कुछ समय से बाहर है। शिशुपाल अपने दोस्तों के साथ घूमने फिरने के आदी हैं।

## एक वर्ष से चल रहे पति-पत्नी के बीच झगड़े को लेकर करायी सुलह, दंपति को फूलमाला पहनाकर खुशी जीवन बिताने की दी सलाह

### घर गृहस्थी नहीं संभाल पाई महिला तो ससुराल पक्ष ने घर से निकाला, महिला अपराध शाखा ने करायी दोनों में सुलह



भिण्ड। पुलिस अधीक्षक मनोजसिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेशसिंह खरफुसे के मार्गदर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक पूनम थापा के निर्देशन में सोमवार को रुचि जैन पत्नी गौरव जैन निवासी महावीर गंज जिनका आपसी विवाद लंबे समय से चल रहा था, जिनका जीवन खुशहाल बनाने के लिए महिला अपराध शाखा ने दोनों को समझाया और पुराने विवाद को खत्म कर नए जीवन बिताने के लिए दंपति को एक-दूसरे के हाथों से फूलमाला पहनाकर मिठाई खिलाई, जिसके बाद खुशी-खुशी दोनों को साथ रहने के लिए घर भेजा गया। इस संबंध में एसआई रत्ना जैन ने बताया महिला घर गृहस्थी को अच्छे से नहीं संभाल पा रही थी, इसी बात को लेकर ससुराल वाले उससे झगड़ा करते थे, जिसके बाद महिला ससुराल से अपने मायके चली गई थी और एक वर्ष से पिता के घर रह रही थी।

# नैनो न्यूज



## फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर नाबालिग बालिका की अश्लील फोटो-विडियो वायरल कर पैसे मांगने की घटना के फरार आरोपी गिरफ्तार

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर।** एटा। बीते शुक्रबार को थाना मलावन पर पी?ित द्वारा सूचना दी गई कि हितेश कुमार पुत्र नेत्रपाल शाक्य निवासी ग्राम दतौली थाना मलावन जिला ने उसकी पुत्री उम्र करीब 16 वर्ष के अश्लील वीडियो व फोटो बनाकर अपने साथियों को उक्त वीडियो व फोटो वायरल कर दिए तथा उसके पुत्र के साथ गाली गलौज, जान से मारने की धमकी तथा वीडियो व फोटो वायरल ना करने के एवज में 1.5 लाख रुपये की मांग की है। इस सूचना पर थाना मलावन पर सम्बन्धित धाराओं सहित अभियोग पंजीकृत किया गया। वहीं रविबार को थाना मलावन पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में फरार चल रहे दो अन्य नामजद अभियुक्त अंशुल पुत्र उदय वीर सिंह शाक्य निवासी मधेपुरा थाना मलावन नरेंद्र सिंह पुत्र प्रेमपाल निवाई सकीट रोड कस्बा मलावन जिला एटा को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तो के विरुद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## एक्सीलेंस वोकेशनल प्राइवेट आईटीआई छिमका गोहद में छात्र हुए चयनित



**संतोष सिंह भदौरिया पुष्पांजली टुडे।** भिंड/ गोहद आपको बता दें कि एक्सीलेंस वोकेशनल प्राइवेट आईटीआई द्वारा आईटीआई प्रोफेशनल कोर्स चलाता है जो समय समय पर अपने छात्रों को प्लेसमेंट भी करवाता रहता है जिला भिंड मध्य प्रदेश में ओपन केंपस का संस्था प्रमुख द्वारा सुजुकी मोटर्स हंसलपुर गुजरात आईटीआई कैंपस का आयोजन किया गया जिसमें कुल 35 आईटीआई पास छात्र उपस्थित हुए जिनका लिखित परीक्षा व साक्षात्कार सुमित साला कंपनी एच आर के द्वारा संपन्न कराया जिसमें छात्रों को सुजुकी मोटर्स गुजरात में चयन किया गया है सभी चयनित विद्यार्थियों को आईटीआई के स्टाफ द्वारा बधाई एवं शुभकामना दी गई छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई ।

## चार पहिया वाहन के साथ युवाओं का स्टंट सोशल मीडिया पर वायरल

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर, एटा।** सोमवार को सोशल मीडिया पर एक ऐसी पोस्ट वायरल हुई जिसे देखकर लोग दांतों तले उंगलियां दबाने को मजबूर हो गए पोस्ट में करीब सात आठ युवा हाईवे पर यातायात नियमों का उल्लंघन करते साफ तौर पर देखे गए। जिसके बाद कुछ युवा चार पहिया वाहन के ऊपर खड़े होकर



एक खतरनाक स्टंट करते नजर आए स्टंट भी ऐसा के मानो कलेजा कांप उठे अगर स्टंट के दौरान जरा सी चूक होती तो लेने के देने भी पढ़ सकते थे। लेकिन हाईवे पर स्टंट करने के दौरान उन युवाओं के ना चेहरे पर शिकन ना कोई डर वे?ा? युवा मौत से खेलते साफ तौर पर वायरल वीडियो में देखे गए जिसके बाद सोशल मीडिया के हर प्लेटफार्म पर वायरल युवाओं की पोस्ट ने जनपद पुलिस को भी सख्ते में ला दिया फिलहाल वीडियो कासगंज हाईवे का बताया जा रहा है जिसमें युवा लापरवाही से गाड़ियां चला रहे हैं साथ ही खतरनाक स्टंट को भी अंजाम दे रहे हैं।

# कोरोनाकाल में धान रोपाई के लिए पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन एक बेहतर विकल्प

**(अब किसान भाई मशीन से लगा सकेगें धान के रोपे)**

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ

**होशंगाबाद (पुष्पांजली टुडे)।** धान की रोपाई का समय नजदीक आ रहा है, धान के बढ़ते मुनाफे को देखते हुए साल दर साल जिले में धान का रकबा बढ़ते जा रहा है। परन्तु कोरोना महामारी के कारण मजदूरों की कमी किसानों के सामने बड़ी समस्या बनती जा रहीं है। इस समस्या को देखते हुए कोरोना काल में धान की रोपाई के लिए पैडी राइस ट्रांसप्लांटर मशीन एक बेहतर विकल्प है। यह कहना है सहायक कृषि यंत्री पवारखेड़ा अश्विनी सिंह का। उन्होंने बताया कि इस मशीन के उपयोग से न केवल बहार से मजदूर लाने की समस्या दूर होगी बल्कि किसान के मजदूरी के पैसे की भी बचत होगी। उप संचालक कृषि जिते?द्र सिहं ने बताया है कि धान की रोपाई के लिए पैडी राइस ट्रांसप्लांटर एक आदर्श मशीन है।



सहायक कृषि यंत्री पवारखेड़ा ने बताया कि गत वर्ष कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा ग्राम पालासी के कृषक अंजनेय अग्रवाल तथा ग्राम-पतलई खुर्द के कृषक श्री शैलेन्द्र जोशी के खेत में इस मशीन का प्रदर्शन कराया गया था। प्रदर्शन से लाभांवित होकर दोनों ही कृषकों ने शासन की अनुदान योजना का लाभ लेते हुए मशीन क्रय की तथा इस वर्ष श्री अग्रवाल द्वारा 50 हेक्टेयर में तथा श्री जोशी जी के द्वारा लगभग 30 हेक्टेयर में मशीन से धान रोपाई की तैयारी की जा रही है।

पैडी राइस ट्रांसप्लांटर द्वारा एक बार में 4,6 अथवा 8 रो में रोपाई की जा सकती है। इसकी अनुमनित किमत 3 लाख रुपए से शुरू होकर 10,00,000/-( 8 रो के लिए)रुपए तक है। इस मशीन के उपयोग से 1 हेक्टेयर में सभी खर्च मिलाकर लागत लगभग 2 से 3 हजार रूपए तक आती है, तथा परंपरागत पद्धित से रोपे गये फसल में की तुलना में उत्पादन में लगभग 10 से 20 प्रतिशत की वृद्धि होती है।

यह मशीन राज्य सरकार योजनातंर्गत अनुदान पर भी उपलब्ध है। पैडी ट्रांसप्लांटर में सामान्य / पिछडा कृषक को 40 प्रतिशत अनुदान तथा एस.सी / एस.टी. / महिला / लघु तथा सीमांत कृषक को 50 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध है। पैडी ट्रांसप्लाटर आन डिमाङ यंत्र अंतर्गत उपलब्ध है, इच्छुक कृषक स्वयं के नाम की बी 1, आधारकार्ड, बैंक की पास बुक तथा जाति प्रमाण पत्र संलग्न कर संचालक कृषि अभियांत्रिकी के नाम पर अनुदान के लाभ के लिए आवेदन कर सकते है, कृषक अपना आवेदन ड्डड्डद्ग. द्धश्चह्य59ञ्चद्दद्वड्डद्बद्य.ष्शद्व या कार्यालय सहायक कृषि यंत्री पवारखेडा होशंगाबाद में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय सहायक कृषि यंत्री एवं दूरभाष क्रमांक 07574-227187 पर सम्पर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए

# मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ने से रोड पर आदमी का सर फटा

**108 इमरजेंसी एंबुलेंस के द्वारा पहुंचाया गया ग्वालियर**

पुष्पांजली टुडे, भिण्ड।



जानकारी के अनुसार 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के पायलेट मुरारी लाल गोस्वामी ने बताया कि रेपुरा निवासी पुष्पेंद्र पिता वेद प्रकाश जाटव उम्र 35 साल, भिंड मैं रहकर पानी के बताशे का काम करके अपने और अपने परिवार का भरण पोषण करता था सोमवार दोपहर 2ः00 बजे पानी के बताशा का सामान लेने अपनी निजी मोटरसाइकिल से बाजार जा रहा था कि अचानक सामने से साइकिल की तरफ भागते हुए आती हुई, गाय को बचाने के चक्कर में पुष्पेंद्र अपनी मोटरसाइकिल का संतुलन खो बैठा जिसके कारण वह सड़क के बगल में पड़े हुए पत्थर पर उसका सर बड़ी जोर से लगा जिस कारण पुष्पेंद्र का सर फट गया और वह बुरी तरह लहूलुहान हो गया राहगीरों ने जल्दबाजी में पास से गुजर रहे टमटम वाहन के द्वारा उसे जिला चिकित्सालय भिंड में पहुंचाया प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल ऑफिसर द्वारा पुष्पेंद्र को मौके पर जिला चिकित्सालय में खड़ी हुई108 इमरजेंसी एंबुलेंस पर सूचना देकर ग्वालियर जय रोग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया,

पायलेट संजीव शर्मा और ईएमटी आनंद त्रिपाठी ने पुष्पेंद्र की गंभीर हालत को देखते हुए घायल मरीज को जल्द से जल्द ग्वालियर पहुंचा कर जय रोग अस्पताल में भर्ती करवाया, जिससे समय रहते मरीज को उचित इलाज दिलवाया जा सका , जिससे डाल मरीज की जान बचाई जा सकी,जहां उसका उपचार जारी है।

# विद्यालय में 15 जून से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे

भिण्ड (ब्यूरो)। आयुक्त लोक शिक्षण संचनालय भोपाल के द्वारा आज वीसी के माध्यम से दिए गए निर्देशानुसार स्कूल शिक्षा विभाग 15 जून से विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर रहा है।जिसके अनुसार प्रत्येक विद्यालय में प्राचार्य का यह दायित्व होगा कि वह कोविड-19 में एस ओ एस का पालन करते हुए विद्यालय में प्रवेश संपन्न कराएंगे समस्त प्राचार्य को विद्यालय को सेनीटाइज कराना होगा। तथा समस्त कक्ष प्रयोगशाला पुस्तकालय आदि समस्त कक्षा की साफ-सफाई कराना सुनिश्चित करें, तथा विद्यालय में शिक्षक और जो छात्र प्रवेश लेने के लिए आएंगे उन सभी को मास्क लगाना अनिवार्य होगा। प्राचार्य सुनिश्चित करें कि विद्यालय में प्रवेश के दौरान छात्रों की संख्या 25 से अधिक ना हो तथा जिन कक्षाओं में विद्यार्थियों को प्रवेश हेतु बैठाया जावेगा,उनमें भी छात्र संख्या 5 से 7 ही रहनी चाहिए कक्षा 9वीं में प्रवेश जिले के उत्कृष्ट एवं मॉडल विद्यालयों को छोड़कर प्रवेश प्रक्रिया सामान्य रहेगी। उत्कृष्ट एवं मॉडल विद्यालयों में राज्य स्तर पर आयोजित चयनित परीक्षा में मैरिट प्राप्त एवं प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित बच्चों में से ही प्रवेश दिया जा सकेगा। वर्तमान सत्र में अध्ययनरत कक्षा नौवीं के समस्त विद्यार्थियों को कक्षा दसवीं में प्रवेश दिया जावेगा जबकि कक्षा ग्यारहवीं में अस्थाई प्रवेश दिया जावे क्योंकि कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम जुलाई के प्रथम सप्ताह में घोषित होना प्रस्तावित है ठीक इसी प्रकार कक्षा 12वीं में इस वर्ष 11वीं में अध्ययनरत समस्त छात्रों एवं छात्राओं को प्रवेश दिया जावेगा। जिला शिक्षा अधिकारी श्री हरभुवन सिंह तोमर ने बताया की समस्त प्राचार्य कल से प्रारंभ हो रहे सत्र में विद्यालय की साफ-सफाई रंगाई पुताई आदि कार्य पूर्ण कर लें क्योंकि इसकी मॉनिटरिंग जिला स्तर संभाग स्तर एवं राज्य स्तर से की जानी है साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया के प्रत्येक प्राचार्य आवश्यकतानुसार अपने विद्यालय प्रांगण में वाटर हार्वेस्टिंग को लगाना भी सुनिश्चित करें ताकि बारिश के पानी को वाटर सोर्स के पास संधारित किया जा सके।

# विकलांग बल राज्य सचिव सौरभ बघेल ने दिया भिण्ड आर टीओ को ज्ञापन

नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड (ब्यूरो)।** जिला भिंड के समस्त विकलांग बंधुओं के अनुरोध पर मध्य प्रदेश विकलांग बल के राज्य सचिव शिवराज उर्फ सौरव बघेल ने आरटीओ भिंड को ज्ञापन दिया राज्य सचिव ने बताया कि शासन ने अधिसूचना क्रमांक एफ -22-142-2004- आठ दिनांक 22/04/2015 द्वारा समस्त प्रक्रम बस सेवाओं में विकलांगजनों के लिए 5त्न सीटें आरक्षित करने एवं आधा किराया माफ करने का निर्देश दिया गया था दिनांक 24 नवंबर 2016 को प्रकाशित राज्य पत्र में सक्षम प्राधिकारी का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर किराए में 50 परसेंट छूट जारी रखने का निर्देश भी था. किंतु यह कागजों पर सीमित है, बस सेवा में यह सुविधा अभी विकलांग व्यक्तियों को नहीं मिल पा रही है, विकलांग जनों से पूरा कराया लिया जाता है या आधे रास्ते में उन्हें उतार दिया जाता है और बस में उन्हें चढ़ने ही नहीं दिया जाता प्रमाण पत्र शासन के निर्देश दिखाए जाने पर बस कंडक्टर और ड्राइवर द्वारा विकलांग जनों से अभद्रता की जाती है, भिण्ड आर टी ओ अनुराग शुक्ला जी ने विकलांग बन्धुओं का ज्ञापन भी लिया और भिण्ड जिले के समस्त बस संचालको एवं प्राइवेट बस यूनियन के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को बुलाकर एक मीटिंग विकलांग बल के राज्य सचिव एवं उनके साथियों के साथ रखी गयी जिस मीटिंग मै समस्त बस संचालको ने बिकलांग बन्धुओं को अस्वासन ( भरोसा ) दिलाया की भविष्य हम आप सभी का प्रत्येक बस मै 50त्न ( आधा किराया ) मा? किया जायेगा अगर बस कंडक्टर या ड्राईवर कोई अभद्रता करते है तो हमें सूचित करें सभी बस संचालकों ने अपने अपने सम्पर्क नंबर भी विकलांग बधुओं को दिये मीटिंग के अंत मै आर टी ओ साहब ने सभी बस संचालको को निर्देश दिये की प्रत्येक बस मै स्टिकर लगाया जाये एवं 5त्न सीट विकलांगजनों को आरक्षित की जाये.

ज्ञापन देने के लिए उपस्थित रहे।

सौरभ बघेल ( राज्य सचिव )

गजेंद्र कुशवाह (मिडिया प्रभारी )

जिलाध्यक्ष अंकित जैन रामशेष बघेलब्रजेश शाक्य सचिवअरुण शर्मा , रामप्रकाश शाक्य एवं सह सचिव रिंकू भदौरिया, भानुप्रताप दोहरे।

## आदिवासी के समाज सेवक गरासिया ने लगवाई कोरोना की पहली डोज ब्लाक चिकित्सा अधिकारी ने फोन पर दी बधाई



बेंगलुरू / बाली उपखंड के आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायत काकराडी मे ब्लाक चिकित्सा अधिकारी डाँ हितेन्द्र वागोरिया के निर्देशानुसार चिकित्सा प्रभारी डाँ रामकिशोर जाट ने कोरोना वैक्सिन शिविर आयोजित किया जिसमे आदिवासी समाज के कर्मठ समाज सेवक मुकेश गरासिया अरडवा ने कोरोना वैक्सिन की पहली डोज लगवा कर आम जन मे संदेश पहुचाया की वैक्सिन पुरी तरह सुरक्षित है सभी लोग अधिक से अधिक टीकाकरण करवाए।इसी प्रकार 11 लोगो के वैक्सिन लगवाई गरासिया के साथ काकराडी सरपंच राजाराम गरासिया,पीईईओ राजेन्द्र परिहार,व चिकित्सा टीम उपस्थित रहे।

# इटावा पुलिस ने सपा नेता धर्मेंद्र यादव को किया गिरफ्तार

**पुष्पांजली टुडे इटावा।** 25 हजार का इनामी व गैंगस्टर अपराधी धर्मेंद्र यादव ने पुलिस के समक्ष किया सरेंडर।



कुछ दिन पूर्व इटावा जेल से रिहा होने के बाद सैक?ो गा?ियों के शक्ति प्रदर्शन का वीडियो हुआ था वायरल, जिसके बाद इटावा पुलिस ने कोविड गाइडलाइंस सहित कई मुकदमे किये थे दर्ज, इस लापरवाही के मामले में इटावा पुलिस के 7 पुलिस कर्मी हुए थे निलंबित, औरैया जनपद का सपा युवजन सभा का है जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव आरोपी धर्मेंद्र ने कचहरी में किया सरेंडर, धर्मेंद्र को थाना सिविल लाइन ले जाया गया। धर्मेंद्र यादव पिछले 23 दिनों से चल रहा था फरार यूपी पुलिस को बड़ी सफलता मिलते हुए आज 14.6.2021 को आरोपी धर्मेंद्र यादव को गिरफ्तार किया गया इसके ऊपर हत्या रंगदारी डकैती गुंडा एक्ट 31 मुकदमे दर्ज हैं धर्मेंद्र यादव उमरसरा गांव का निवासी है

# विधानसभा खेरागढ़ के सैया ब्लॉक में भीम आर्मी भारत एकता मिशन के कार्यकर्ताओं के द्वारा इरादत नगर के घड़ी छक्की लाल में मीटिंग आयोजित की गई

राहुल कुमार रिपोर्टर पुष्पांजली टुडे

आगरा / भीम आर्मी की मीटिंग का आयोजन किया गया इरादत नगर के ग्राम गढ़ी छक्की लाल मैं मीटिंग रखी गई वहां के ग्राम वाषियों ने मीटिंग का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया जिसमें धौलपुर से आए प्रदेश सचिव जिला अध्यक्ष जी ने विधानसभा के सभी पदाधिकारियों के लिए संगठन को मजबूती दिलाने के लिए दिशा निर्देश दिए और कहा कि गांव गांव जाकर बहुजन समाज के लोग जो सोए हुए हैं उन्हें जगाने का काम करना है भीम आर्मी हमेशा बहुजनों के दुख दर्द व हत्या चारों के खिलाफ आवाज उठाने का काम करती है इसी बीच बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बहुजन समाज पार्टी को छोड़कर आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी भारत एकता मिशन की सैकड़ों ग्राम वासियों के साथ मिलकर सदस्यता ग्रहण की और साथ ही अपने लेटर प्राप्त किए वह बड़े भाई चंद्रशेखर आजाद की नीतियों से प्रभावित होकर उन्होंने पूरे गांव के साथ सदस्यता ग्रहण की उन्होंने बताया कि बड़े भाई चंद्रशेखर आजाद किस तरह हमारे दुख



दर्द में हमेशा आवाज उठाने का काम करते हैं और जिस किसी पर भी अत्याचार होता है उनको न्याय दिलाने का कार्य किया जाता है भीम आर्मी एक ऐसा संगठन है जिसमें गरीब लोगों की सहायता की जाती है इसी बीच उन्होंने अपनी सदस्य ग्रहण की और धौलपुर से आए प्रदेश सचिव रामसिंह इंडोरित जिला अध्यक्ष कन्हैया लाल माथुर संजीव कुमार जिला सचिव राजकुमार जिला सचिव अतुल व्यास जिला सचिव नरेश दादा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश कुमार बंसल महासचिव फतेहाबाद सूरत सिंह महासचिव विधानसभा खेराग? भीम आर्मी के विधानसभा अध्यक्ष रजत विधानसभा कोषाध्यक्ष राहुल कुमार जाटव विनोद कुमार दीपक कुमार जितेंद्र बौध्द आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे

भिण्ड (ब्यूरो)। जिले में आर्म्स लाइसेन्स संबंधी सभी सेवाओं हेतु कोविड टीकाकरण सर्टिफिकेट एवं एमपीईबी से नो ड्यूज सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना अनिवार्य। जिले के सभी दुकानदार कोविड टीकाकरण के पश्चात ही दुकानों पर बैठें,अन्यथा एक समय सीमा के बाद होगी कार्यवाही डोमेस्टिक, नॉन डोमेस्टिक एवं इंडस्ट्रीज हर एक क्षेत्र के 100 बिजली बिल के ब? बकायादारों द्वारा बिजली बिल जमा ना करने पर आर्म्स लाइसेन्स निरस्ती का भेजा जायेगा नोटिस।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में एडीएम प्रवीण फुलपगारे, सीईओ जिला पंचायत जेके जैन, सहायक कलेक्टर केवी विवेक, संयुक्त कलेक्टर वरूण अवस्थी, डिप्टी कलेक्टर महेश बडोले, एसडीएम भिण्ड उदयसिंह सिकरवार सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने बैठक में कोविड वैक्सीन टीकाकरण पर सभी संबंधित अधिकारियों को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में निर्देशित करते हुए कहां कि सभी शासकीय कार्यालयों के विभाग अध्यक्षों को निर्देश दिये कि सभी विभाग अधिकारी अपने विभाग अंतर्गत यह सुनिश्चित करें कि उनके कार्यालय अंतर्गत कार्य कर रहे सभी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा कोविड टीकाकरण करवाया जाए। साथ ही विभाग प्रमुख घोषणा पत्र भी देगा कि कार्यालय में कार्यरत सभी अधिकारी/कर्मचारियों का कोविड टीकाकरण हो चुका है।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने बैठक में कहा कि भिण्ड जिले अंतर्गत सभी दुकानदार कोविड टीकाकरण करवाने के पश्चात ही दुकानों पर बैठें। कलेक्टर ने सभी एसडीएम गणों को निर्देशित कर कहा कि दुकानदारों को



टीकाकरण करवाने एक समय सीमा दें उसके पश्चात अगर निरीक्षण में कोई दुकानदार बिना कोविड टीकाकरण दुकान पर मिले तो ऐसी दुकान को सील करने की कार्यवाही की जाये। कलेक्टर ने बैठक में निर्देशित करते हुए बताया कि जिले में आर्म्स लाइसेन्स संबंधी सभी सेवाओं हेतु कोविड टीकाकरण सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना होगा अनिवार्य। इसके साथ एमपीईबी से भी नो ड्यूज सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

कलेक्टर ने बैठक में मूंग फसल पंजीयन एवं उपार्जन संबंधी समीक्षा कर वर्तमान स्थिति समझी। मूंग पंजीयन 08 जून से 16 जून 2021 तक किया जा सकेगा। कलेक्टर ने गेहूँ खरीदी भुगतान की स्थिति की समीक्षा की। जिले में गेहूँ खरीदी का किसानों को अब तक 203 करो? 70 लाख का भुगतान उनके बैंक खातों में हो चुका है। शेष तकरीबन 32 करो? का भुगतान भी शीघ्र ही किसानों के बैंक खातों में हो जाएगा। कलेक्टर ने जिले में फर्टिलायजर की उपलब्धता की भी समीक्षा कर उनके भंडारण की स्थिति जानी। इसके साथ ही उन्होंने नकली फर्टिलायजर हेतु क्वालिटी टेस्टिंग करने के भी निर्देश संबंधित विभाग को दिए।

कलेक्टर ने बैठक में एमपीईबी से डोमेस्टिक, नॉन डोमेस्टिक एवं इंडस्ट्रीज हर एक क्षेत्र के 100 बिजली बिल के ब? बकायादारों की सूची एडीएम भिण्ड को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिन पर कलेक्टर की ओर से बिजली बिल जमा ना करने की स्थिति में क्यों ना आपका शस्त्र लाइसेन्स निरस्त करने नोटिस भेजा जायेगा। कलेक्टर ने बैठक में बिजली चोरी एवं हुकिंग (कटिया) पर कार्यवाही की समीक्षा भी सभी अनुभागवार की साथ ही निर्देश दिए कि इस ओर कार्यवाही लगातार चलती रहे।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने आगामी समय में बारिश के मौसम को देखते हुए एक दल का गठन किया है। दल शहर का भ्रमण कर यह देखेगा कि आगामी बारिश के मौसम में शहरी क्षेत्र में कहीं जल भराव जैसी समस्या ना बने साथ ही समय रहते उसके निदान संबंधी कार्यवाही भी दल के द्वारा की जाएगी। दल में सहायक कलेक्टर केवी विवेक, सीएमओ नगर पालिका भिण्ड सुरेंद्र शर्मा सहित शिक्षा विभाग एवं इरिगेशन विभाग के भी सदस्य होंगे। कलेक्टर द्वारा बैठक में पीएम गरीब कल्याण योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, मलेरिया ऐक्शन प्लान, वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट, नगरीय निकायों में साफ सफाई एवं नाली सफाई, निर्माण कार्यो, स्ट्रीट वेंडर योजना, पौधा रोपण संबंधी सहित अन्य विषयों पर समीक्षा कर आवश्यक निर्देश संबंधित विभागों को दिए। साथ ही कलेक्टर ने जीएमडीआईसी भिण्ड को ओडीओपी के कार्य में लापरवाही पर एससीएन दिया।



## सिटी कोतवाली टीआई धनेंद्र सिंह भदौरिया का गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने शाल श्रीफल देकर किया सम्मान

संदीप प्रधान उप संपादक पुष्पांजली टुडे

दतिया / लॉकडाउन के दौरान कोतवाली टीआई धनेंद्र सिंह भदोरिया के नेतृत्व में पुलिस ने सराहनीय कार्य किया जिसके कारण लोग बेवजह अपने घरों से बाहर नहीं निकले और घरों में रहकर लॉक डाउन का पूर्ण रूप से पालन किया इसका परिणाम यह हुआ कि आज हम करो ना महामारी पर धीरे धीरे विजय प्राप्त कर रहे हैं कोतवाली पुलिस की शक्ति की वजह से बेवजह लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकले और लोगों ने घरों में ही रहकर संपूर्ण लॉक डाउन का पालन किया कोतवाली पुलिस ने लोगों को समझाया भी कि घरों से बाहर ना निकले घरों में रहे सुरक्षित रहें 2 गज दूरी मस्त जरूरी का पालन करें उनकी समझाइश का लोगों पर असर हुआ और कोरोना महामारी धीरे धीरे कम हुई जिसको देखते हुए आज मध्य प्रदेश शासन के गृहमंत्री डॉक्टर नरोत्तम मिश्रा ने कोतवाली टीआई धनेंद्र सिंह भदोरिया का सम्मान किया।

## नैनो न्यूज

### अस्पतालों में 20 पीएसए ऑक्सीजन प्लांट शुरू



**भोपाल (ए)।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर मध्यप्रदेश को ऑक्सीजन उत्पादन में आत्म-निर्भर बनाने के विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। इस क्रम में कोविड-19 के उपचार में प्रदेश के अस्पतालों में ऑक्सीजन आपूर्ति की समस्या के निराकरण के कारगर उपाय के तौर पर लगाये जा रहे पीएसए ऑक्सीजन प्लांट शुरू हो चुके हैं। राज्य सरकार द्वारा मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल और कम्युनिटी हॉस्टिपटल में 111 हवा से ऑक्सीजन बनाने की अनूठी टेक्नोलॉजी पर आधारित पीएसए (प्रेशर स्विंग, एडजॉर्व्सन) ऑक्सीजन प्लांट लगाने के आर्डर दिये गये थे। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुक्रम में अब तक 20 प्लांट लगाये जा चुके हैं। स्वास्थ्य आयुक्त आकाश त्रिपाठी ने बताया कि पीएसए ऑक्सीजन प्लांट को समय पर लगाने के लिये संबंधित निर्माता कम्पनियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि 15 जून तक 25, 30 जून तक 40, 30 जुलाई तक 81, 30 अगस्त तक 91 और 30 सितम्बर तक पूरे 111 पीएसए ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना अस्पतालों में कर दी जायेगी। इनसे अस्पताल के लिये ऑक्सीजन की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। उन्होंने बताया कि अस्पतालों में उपलब्ध ऑक्सीजन बेड और आईसीयू आदि को ध्यान में रखते हुए जरूरत की ऑक्सीजन आपूर्ति सुनिश्चित हो सके, इसी अनुक्रम में क्षमता के पीएसए प्लांट लगाये जा रहे हैं। इसमें 100 लीटर प्रति मिनिट से लेकर 1500 लीटर प्रति मिनिट की क्षमता वाले पीएसए प्लांट शामिल हैं। पीएसए प्लांट्स की स्थापना 10 बिस्तर के आईसीयू अस्पतालों से लेकर 150 बिस्तर (आईसीयू) वाले अस्पतालों में ऑक्सीजन की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये की जा रही है। उन्होंने बताया कि पीएसए ऑक्सीजन प्लांट्स की स्थापना केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के मद से प्राप्त राशि से की गई है।

### अल्जीरिया के संसदीय चुनाव में इस्लामी पार्टी ने जीत का दावा किया

**अल्जीयस (ए)।** पार्टी कई क्षेत्रों और उससे बाहर भी बहुमत की ओर बढ़ रही है। यह बात कहते हुए अल्जीरिया के संसदीय चुनाव में एक उदारवादी इस्लामी पार्टी ने जीत हासिल करने का दावा किया है। उत्तर अफ्रीकी देश में चुनाव खत्म होने के 24 घंटे से भी कम समय में रविवार को मूवमेंट फॉर ए पीसफुल सोसाइटी के प्रमुख अब्देरजाक मकरी ने नतीजों को बदलने के लिए फर्जीवाड़ा के प्रयास के आरोपों की निंदा की। हालांकि पार्टी ने यह नहीं बताया कि वह किस आधार पर जीत का दावा कर रही है। अल्जीरिया के चुनाव प्राधिकार के प्रमुख ने शनिवार को कहा कि संसदीय चुनाव के लिए मतदान निराशाजनक रहा, जिसमें 2.4 लाख योग्य मतदाताओं में से एक तिहाई से भी कम मतदाताओं ने भाग लिया। मतदाताओं की कम भागीदारी चुनाव प्रणाली में उनकी अरूचि, बरबर क्षेत्र में लंबे समय तक विरोध और लोकतंत्र समर्थक मुहिम द्वारा चुनाव के बहिष्कार को दर्शाती है, इसी मुहिम की वजह से देश के लंबे समय तक राष्ट्रपति रहे अब्देलअजीज बुतेफ्लिका को 2019 में इस्तीफा देना पड़ा था। चुनाव के लिए राष्ट्रीय स्वतंत्र प्राधिकरण के प्रमुख मोहम्मद चारफी ने बताया कि आधिकारिक रूप से नतीजे सामने आने में करीब चार दिन का समय लग सकता है। नयी प्रणाली के कारण 1,000 से अधिक निर्दलीय उम्मीदवारों के लिए चुनाव लड़ने का मार्ग प्रशस्त हुआ। राष्ट्रपति अब्देलमादजिद तेबुने ने 'नए अल्जीरिया' के निर्माण की अपनी मुहिम के तहत नए चुनावी नियम बनाये हैं जिसमें ईमानदार युवाओं, महिलाओं को प्रतिनिधित्व दिया गया है।

### विदेश मंत्री एस जयशंकर ने केन्या में भारतीय समुदाय के लोगों से किया संवाद

**नैरोबी (ए)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने केन्या में भारतीय समुदाय के विभिन्न वर्गों के साथ सार्थक ऑनलाइन संवाद किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर इस पूर्वी अफ्रीकी देश की तीन दिवसीय यात्रा पर शनिवार को नैरोबी पहुंचे हैं। सोमवार को उनकी यात्रा का अंतिम दिन है। यहां भारतीय उच्चायोग ने रविवार रात ट्वीट किया माननीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर केन्या के आधिकारिक दौरे पर आए हैं। उन्होंने 13 जून को केन्या में भारतीय समुदाय के विभिन्न वर्गों के साथ ऑनलाइन बातचीत की। बैठक का संयोजन केन्या में भारत के उच्चायुक्त डॉ. वीरेंद्र पॉल ने किया। केन्या में भारतीय मूल के करीब 80,000 लोग रहते हैं, जिनमें से करीब 20,000 भारतीय नागरिक हैं। इससे पहले, शनिवार को जयशंकर और उनकी केन्याई समकक्ष रशैल ओमामो ने दोनों देशों के बीच 'द्विपक्षीय सहयोग' पर 'सार्थक बातचीत' की।

### जिला चिकित्सालय ने मनाया विश्व रक्तदान दिवस

## रक्तदान शिविरों का आयोजन करने वाली 51 संस्थाओं व आपात स्थिति में व्यवस्था जुटाने वाले 12 ब्लड मोटीवेटरों को किया सम्मानित




जेसीआई व सिराज दाउदी फेन्स क्लब ने कराया रक्तदान।

पुष्पांजली टुडे।

श्योपुर। अतिथि--विधायक बाबूलाल जंडेल,भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह जाट,पूर्व विधायक सत्यभानु सिंह चोहान, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महावीर सिंह सिसोदिया,समाजसेवी कुन्जबिहारी सर्राफ सी.एम.एचो डा.बी.एल.यादव, सिविल सर्जन डा.आर.बी.गोयल, ब्लडबैंक प्रभारी डा.मुकेश मीणा रहे। कार्यक्रम का संचालन पुष्पाश्री फाउंडेशन के अध्यक्ष अरुण ओसवाल ने किया।

अतिथियों का स्वागत पुष्पहार से व वाणी से डा. आर.बी.गोयल ने और आभार प्रदर्शन डा.मुकेश मीणा ने किया। इस अवसर पर सभी 51संस्थाओं के पदाधिकारी व सदस्य गण, ब्लडमोटीवेटर टीम के सभी सदस्य, भाजपा जिलाउपाध्यक्ष बिहारी सिंह सोलंकी, प्रोफेसर ओ.पी.शर्मा, स्व.मुकेश गुप्ता स्मृति सेवा न्यास के सचिव महावीर गुप्ता, राष्ट भक्त युवा संगठन के संजय मंगल,नकुल जैन,समाजसेवी श्रीमती अंजना मारवा?ी, श्रीमती सुधा तोमर,नीरज जाट, मोहम्मद चीनी कुरेंशी, आशीष चौहान,श्याम शर्मा, सिराज दाउदी,दिनेश साहू,मुकेश मीणा हिरनीखेडा,विष्णु शर्मा,दीनू परसावत,शिवा शर्मा, स्काउट गाइड के ओ.पी.सिकरवार सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे रक्तदान शिविर आयोजित करने वाली इन संस्थाओ को सम्मानित किया गया,महावीर धाक? मित्रमंडल,राष्ट भक्त युवा संगठन श्योपुर,दीनू मीणा परसावत मित्र मंडल,राष्ट भक्त युवा संगठन श्योपुर अजयभारद्वाज मित्रमंडल परशुराम सेना,स्व कन्हैयालाल तिवारी स्मृति सेवा समिति,महावीर प्रजापति मित्र मंडल रिंगनी,राष्ट भक्त युवा संगठन श्योपुर,विशाल शर्मा मित्र मंडल पांडोला, क्री?ा भारती, स्व आजाद खान पोस्टमेन स्मृति सेवा समिति,हुसैनी कमेटी कनापुर,गुर्जर महासभा श्योपुर,जे सी आई श्योपुर,भारतीय अल्पसंख्यक महासभा,राष्ट्रीय जाट तेजवीरसेना, स्व ओमप्रकाश मीणा सोंठपा स्मृति सेवा समिति,स्व शहजाद गोरी स्मृति सेवा समिति,दीपक शर्मा स्मृति सेवा समिति,स्व जगदीश धाक? स्मृति सेवा समिति,दिनेश साहू मित्र मंडल,राष्ट भक्त युवा संगठन श्योपुर,शहीद भगत सिंह फैंस क्लब,अखिल भारतीय बेरवा महासभा,स्व हनुमान प्रसाद मोदी स्मृति सेवा समिति,राष्ट भक्त युवा संगठन श्योपुर ,राहुल चौधरी मित्र मंडल,स्व ज्योतिसर्राफ स्मृति सेवा न्यास,स्व चतुर्भुज चक्रधारी स्मृति सेवा समिति प्रजापति फाउंडेशन,स्व नब्बन अली पीरजादा स्मृति सेवा समिति,लाइफ केअर सोसायटी,स्व नाथू बेरवा स्मृति सेवा समिति, वैश्य महासम्मेलन इकाई श्योपुर,स्व मुकेश गुप्ता स्मृति सेवा न्यास,युवा रक्त्तदान टीम,नगर मंडल भा ज पा महिला मोर्चा, शा पी जी कॉलेज ह्स्स,ह्ष्ष्ट इकाई,स्व देविसंकर मित्तल स्मृति सेवासमिति ढोढर,सत्यनारायण राठौर मित्र मंडल ननावद,राष्ट भक्त युवा संगठन श्योपुर, विष्णु शर्मा मित्र मंडल सोई,राष्ट भक्त युवा संगठन श्योपुर ,विकलांग बल श्योपुर,कबीर संस्था समिति,सेवा भारती आर एस एस,पुष्पा श्री फाउंडेशन,भारतीय जनता पार्टी जिला श्योपुर,चम्बल,टाइगर सेवा समिति पांडोला,किसान मोर्चा भाजपा श्योपुर,अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा श्योपुर, अनुसूचित जाति मोर्चा भाजपा श्योपुर,मिशन समर्पण टीम श्योपुर,भारतीय जनता युवा मोर्चा,युवा जागृति टीम राडेप,पिछ?ा वर्ग मोर्चा भाजपा श्योपुर,महाकाल मित्र मंडल रॉयल गांव तलाव?ा,सिराज दाउदी मित्र मंडल ,जेसीआई श्योपुर,आपात स्थिति में रक्त की व्यवस्था के लिए ब्लड मोटिवेशन टीम के निम्न सदस्यों को सम्मानित किया गया।

## निजी स्कूलों ने लिया आनलाइन क्लास शुरु करने का निर्णय



**भोपाल (ए)।** प्रदेश के निजी स्कूलों ने 15 जून से आनलाइन कक्षाएं प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में विद्यार्थियों को भी सूचना भेजी गई है। वहीं सरकारी स्कूलों को खोलने के आदेश जारी किए गए हैं। 15 जून से 30 जून तक कक्षा 9वीं से लेकर 12 वीं तक में प्रवेश प्रक्रिया पूरी होगी। इसके लिए विद्यार्थियों को उपस्थित होने के आदेश जारी किए गए हैं। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर में बंद स्कूल अब खुलने जा रहे हैं। इधर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अभी स्कूलों को खोलने को लेकर कोई ?आदेश नहीं आया है।फिलहाल निजी स्कूल की तरफ से विद्यालय सिर्फ प्रवेश प्रक्रिया के लिए खोलने की तैयारी की जा रही है । उनके यहां पढ़ाई फिलहाल आनलाइन ही आयोजित हो रही है। दूसरी लहर के कारण शासन के निर्देश पर आनलाइन कक्षाएं भी बंद कर दी गई थी। जिसे 15 जून से दोबारा प्रारंभ किया जा रहा है।विद्यार्थियों के अध्ययन की निरंतरता के लिए डीजीलिप एवं दूरदर्शन म.प्र. भोपाल के माध्यम से विद्यार्थियों की पढ़ाई 15 जून 2021 से प्रारंभ की जाएगी । समस्त शिक्षक एवं प्राचार्य दूरदर्शन केन्द्र म.प्र . भोपाल द्वारा शैक्षिक कार्यक्रम क्लासरूम प्रसारण की जानकारी विद्यार्थियों को नोट कराएँगे तथा प्रतिदिन मप्र , दूरदर्शन पर निर्धारित समय सारणी अनुसार कक्षा वार कार्यक्रम देखे । स्कूलों में प्रवेश के ?लिए संकुल अन्तर्गत समस्त माध्यमिक शालाओं के प्रधानाध्यापक निकटस्थ हाई / हायर सेकेण्डरी विद्यालय के प्राचार्य को समस्त विद्यार्थियों की टी.सी. एवं अन्य जानकारी 16 जून तक आवश्यक रूप से उपलब्ध करावें । एक परिसर एक शाला में कक्षा 8 वीं के विद्यार्थियों की टी.सी. जारी नहीं की जायेगी । उन्हें सीधे कक्षा 9 वीं में प्रवेश दिया जा सकेगा । संबंधित माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा संबंधित छात्र एवं उसके अभिभावक को सूचना दी जाएगी कि टी.सी. किस विद्यालय को भेजी गई है ताकि उक्त छात्र उन विद्यालयों में अपने नाम दर्ज करा सकें।

## पतंजलि योगपीठ के सभागार में पतंजलि योग गुरु को भूमि दान का किया कार्यक्रम

पुष्पांजली टुडे न्यूज

साहिबगंज। पतंजलि योगपीठ के सभागार में पतंजलि योग गुरु को भूमि दान करने वाले कौशल्या ज्योति ट्रस्ट के सदस्य महेश तिवारी को पतंजलि योगपीठ के दीपक कुमार,घनश्याम प्रसाद, राजीव पांडे,मनी मंडल,अमरेंद्र कुमार ठाकुर,जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम नाथ तिवारी,राजू अंसारी एवं मनीष कुमार के द्वारा शॉल और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। पतंजलि योगपीठ के जिला संयोजक दीपक कुमार और कोषाध्यक्ष राजीव पांडे ने बताया की महेश तिवारी ने पतंजलि योगपीठ को भूमि दान देकर अनुग्रहित किया है आज इस योग भवन में बहुत सारे लोग योग के माध्यम से



स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

इस अवसर पर महेश तिवारी ने घोषणा किया कि मेरे अपने निजी 2500 स्क्वायर भूमि पर जल्द ही ऑक्सीजन पार्क बनाऊंगा।वहां ऑक्सीजन देने वाले वृक्षों को लगाऊंगा।यह ऑक्सीजन पार्क अपने पूर्वजों की याद में बनाएंगे।

## पेट्रोल डीजल से एक्साईज ड्यूटी घटाये सरकार : कांग्रेस

**भोपाल (ए)।** जब दांत हैं तब चने नहीं, जब चने हैं तब दांत नहीं ।भारत सरकार इस दोहरी नीति पर चलकर जनता को राहत पहुंचाने का अभिनय कर रही है।



प्रदेश कांग्रेस मीडिया उपाध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता ने जीएसटी की नई नीति को अपरिपक्व बताते हुए सरकार से जानना चाहा कि पिछले 3 महीने से जब देश का आम आदमी मर रहा था लोगों के पास पैसे नहीं थे तब आक्सीजन, दवाई, इंजेक्शन ,एम्बूलेंस पर जीएसटी लदा हुआ था। आज जब इनकी आवश्यककता कम हो गई है तो जीएसटी हटा लिया गयाहै।अब देश की जनता को अपने प्राणों की सुरक्षा के लिए वैक्सीन की जरूरत है तो वैक्सीन पर से जीएसटी नहीं हटाया गया है आखिर यह कौन सी नीति है? जब जनता को राहत की जरूरत है तब उस पर वजन डाला जा रहा है और जब स्वाभाविक रूप से बाजार में खपत कम हो गई है तो उस पर से जीएसटी हटा लिया। यह दोहरी नीति देश के लिए और देश की जनता के कल्याण के लिए अनुकूल नहीं है । गुप्ता ने कहा कि 104 रुपये लीटर का पेट्रोल लोगों की जान ले रहा है। महंगाई आसमान पर है लेकिन सरकार मुनाफे में कमी करने को तैयार नहीं है। गुप्ता ने मांग की कि मोदी जी पेट्रोल डीजल पर एक्साईज ड्यूटी कम करें। परिवहन की कीमतों के कारण एम एस एम ई बाजार में टिक नहीं पा रहा है।अब देश का पूरा व्यापार फ्लिपकार्ट,अमेजान ,विलमार और जियो माल के पास चला जायेगा और स्थानीय बाजारों की आर्थिक गतिविधियों में हिस्सेदारी नगण्य हो जायेगी।

## हजारों साल तक जिंदा रह सकेगा इंसान

**वॉशिंगटन (ए)।** अमेरिका के हावर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर का कहना है कि इंसान हजारों से साल तक जिंदा रह सकता है। यह मात्र दो साल के अंदर संभव होने जा रहा है। प्रफेसर डेविड सिंसलैर ने कहा कि चूहों पर हुए टेस्ट से यह साबित हो गया है कि दिमाग और अन्य अंगों में बुढ़ापे को उल्टा किया जा सकता है। प्रफेसर डेविड सिंसलैर ने एक पॉडकॉस्ट में कहा, हमने पाया है कि एक भ्रूण जीन्स होता है जिसे अगर वयस्क पशुओं के अंदर डाला जा सकता है ताकि उम्र से जुड़े ऊतकों को फिर से बनाया जा सके। यह बढ़िया से काम करने के लिए 4 से 8 सप्ताह लेता है। उन्होंने कहा, आप एक नेत्रहीन चूहे को ले सकते हैं जो बढ़ती उम्र के कारण देख नहीं सकता है। ब्रेन की तरफ न्यूरॉन काम नहीं कर रहा है। इन न्यूरॉन को अगर फिर से बनाया जाए यह चूहा युवा हो जाएगा और अब वह दोबारा देख सकेगा। 52 साल के हावर्ड के प्रफेसर डेविड ने कहा कि पिछले साल दिसंबर में प्रकाशित उनके शोध ने यह साबित कर दिया है कि एक ऐसी व्यवस्था है जिसके तहत कोशिकाओं को युवावस्था की ओर लाया जा सकता है। भ्रूण जीन्स के बारे में प्रफेसर डेविड ने कहा कि हम इसका इस्तेमाल अब उन चूहों के दिमाग की उम्र पर कर रहे हैं जिन्हें हमने समय से पहले बूढ़ा कर दिया था और वे फिर से अपनी क्षमता हासिल कर रहे हैं।

## कोरिया की रणनीतिक स्थिति पर चर्चा के बाद किम ने दिया सेना की युद्ध क्षमता बढ़ाने का निर्देश

**प्योंगयांग (ए)।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने उत्तर कोरियाई सेना की युद्धक क्षमता बढ़ाने का ऐलान किया है। वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया (डब्ल्यूपीके) के अंतर्गत काम करने वाले सेंट्रल मिलिट्री कमीशन की दूसरी बैठक में शामिल हुए किम जोंग उन ने कोरियाई प्रायद्वीप के रणनीतिक हालात की जानकारी लेने के बाद यह आदेश दिया। सेंट्रल मिलिट्री कमीशन उत्तर कोरिया की सबसे शक्तिशाली निकायों में से एक है। उत्तर कोरिया की सुरक्षा और सेना के तीनों अंगों के संचालन की जिम्मेदारी इसी निकाय के पास है। बैठक के बाद किम जोंग उन ने सेना की युद्ध क्षमता को बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया के केंद्रीय सैन्य आयोग के सदस्यों के अलावा नॉर्थ कोरियन पीपुल्स आर्मी के



एक्जिक्यूटिव मेंबर्स भी शामिल हुए। बैठक में देश और दुनियाभर की रणनीतिक स्थिति से जुड़ी हालिया घटनाओं की चर्चा की गई।

किम जोंग उन ने रणनीतिक उद्देश्यों को निर्धारित करने और उन्हें मजबूत करने के तरीकों पर निर्णय लेने से पहले उत्तर कोरियाई सेना की स्थिति और प्रभावशीलता के बारे में जानकारी ली। किम जोंग ने कहा पीपुल्स आर्मी को देश की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। इतना ही नहीं, सेना को पार्टी, क्रांतिकारी कार्य, राज्य और लोगों के हितों और समाजवादी निर्माण की रक्षा भी करनी चाहिए। किम जोंग उन के कुछ महीने पहले ही अपनी सेना को किसी भी समय परमाणु मिसाइलों को लॉन्च करने के लिए तैयार रहने का आदेश दिया था। यह आदेश उत्तर कोरिया के संस्थापक किम इल-सुंग के जन्मदिन के अवसर पर जारी किया गया था। इस दिन उत्तर कोरिया में सार्वजनिक अवकाश रहता है और लोग सन फेस्टिवल मनाते हैं। अप्रैल में ही उत्तर कोरियाई तानाशाह ने परमाणु मिसाइल और हथियार बनाने के लिए समर्पित एक विश्वविद्यालय की स्थापना की थी।

## अमेरिका में भारत के राजदूत संधू ने फिलाडेल्फिया में दवा कम्पनियों के अधिकारियों से की मुलाकात

**वाशिंगटन (ए)।** अमेरिका में भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने फिलाडेल्फिया के मेयर और प्रमुख दवा कम्पनियों के अधिकारियों के साथ बैठक की। 11 जून को दो दिवसीय दौर पर फिलाडेल्फिया पहुंचे संधू से बैठक के दौरान मेयर ने पिछले साल 18 लाख एन-95 मास्क भेजने के लिए भारत की सराहना की। कोरोना संकट के दौरान अमेरिका में भारत के राजदूत संघू का यह पहला फिलाडेल्फिया दौरा है।




संधू ने ट्वीट किया-फिलाडेल्फिया के मेयर जिम एफ केनी के साथ मुलाकात कर दिन की शुरुआत की। बैठक के दौरान केनी ने 2020 में 18 लाख एन-95 मास्क फिलाडेल्फिया भेजने के लिए भारत का शुक्रिया अदा किया। सितम्बर 2020 में मेयर ने भारत से मदद मांगी थी। भारतीय दूतावास ने अनुरोध पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 18 लाख मास्क भेजे थे, जो फिलाडेल्फिया को पांच अक्टूबर 2020 को मिले थे। बैठक के दौरान संधू और केनी ने अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य प्रणाली, शिक्षा और प्रवासियों से जुड़े मुद्दे पर बातचीत की। उन्होंने चिकित्सा विज्ञान सहित स्वास्थ्य सहयोग के भविष्य पर भी चर्चा की। मेयर, फिलाडेल्फिया और भारत के बीच हवाई सम्पर्क बढ़ाने को भी इच्छुक दिखे। विद्युत गतिशीलता सहित अन्य पहलों पर सहयोग करने की क्षमताओं पर भी चर्चा हुई। संधू ने एक अन्य ट्वीट में कहा आर्थिक, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा संबंधों से लेकर प्रवासियों तक, भारत इस ऐतिहासिक शहर के साथ साझेदारी को महत्व देता है। संधू ने फिलाडेल्फिया में अकुजेन के केन्द्रों और जुबिलेंट फार्मा के कार्यालय का दौरा भी किया। पेनसिल्वेनिया के यार्डली स्थित जुबिलेंट फार्मा, भारत के उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित जुबिलेंट लाइफ साइंसेज लिमिटेड की सहायक कम्पनी है। अकुजन इंक एक बायोफर्मास्यूटिकल कम्पनी है जो दुर्लभ आंखों की बीमारियों के इलाज के लिए 'जीन थेरेपी' की खोज कर रही है और कोविड-19 रोधी टीके का निर्माण कर रही है।

भारतीय दवा कम्पनियों के अमेरिका के सार्वजनिक स्वास्थ्य के विस्तार में अहम भूमिका निभाने की बात को ध्यान में रखते हुए उन्होंने ट्वीट किया जुबिलेंट फार्मा के अधिकारियों के साथ फिलाडेल्फिया में अच्छी बातचीत हुई। उनकी महत्वपूर्ण दवाइयां वैश्विक महामारी से निपटने में काफी कारगार साबित हुई हैं। वहीं अकुजेन के सीईओ शंकर मुसुनूरी तथा बोर्ड के अन्य सदस्यों ने संधू को बताया कि उनकी एफडीए के साथ कोविड-19 रोधी टीके कोवैक्सीन को अमेरिकी बाजार में लाने और उसके विपणन को लेकर बातचीत जारी है।

### चीन की वुहान लैब में पिंजरे के अंदर कैद करके रखे जाते थे जिंदा चमगादड़, सामने आया वीडियो

**मेलबर्न (ए)।** दुनियाभर में कोरोना महामारी फैलाने को लेकर आरोपों से घिरे चीन की वुहान लैब में पिंजरे के अंदर चमगादड़ों को रखा जाता था। वुहान लैब से पहली बार सामने आई तस्वीरों में यह खुलासा हुआ है। वुहान लैब की इन तस्वीरों ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के उस दावे खारिज कर दिया है, जिसमें उसने कोरोना के वुहान लैब से निकलने के संदेह को षडयंत्र करार दिया था। चाइना अकादमी ऑफ साइंस के मई 2017 के आधिकारिक वीडियो में चमगादड़ों को पिंजड़े में कैद करके रखा दिखाया गया था। इस वीडियो को वुहान लैब में नए बॉयोसेफ्टी लेवल 4 के हिसाब से सुरक्षा शुरू होने पर जारी किया गया था। इसमें हादसा होने की सूरत में सुरक्षा मानकों को लेकर बताया गया था। इसमें लैब के निर्माण को लेकर फ्रांसीसी सरकार के साथ काफी विवाद के बारे में भी बताया गया था। वीडियो में यह भी नजर आ रहा है कि वैज्ञानिक चमगादड़ों को कीड़े खिलाते नजर आ रहे हैं। इस 10 मिनट के वीडियो को पूरी तरह से वुहान लैब के निर्माण पर केंद्रित किया गया है।

### इजरायल में 12 साल बाद नेतन्याहू के शासन का अंत, बहुत थोड़े अंतर से जीते नफ्ताली बेनेट

**तेलअवीव (ए)।** इजरायल की दक्षिणपंथी यामिना पार्टी के 49 वर्षीय नेता नफ्ताली बेनेट के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही देश में नेतन्याहू युग का अंत हो गया। लगभग 12 साल तक इजरायल पर शासन करने वाले बेंजामिन नेतन्याहू नफ्ताली बेनेट के मुकाबले अपनी सत्ता नहीं बचा पाए। नफ्ताली बेनेट ने रविवार को इजरायल के नए प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभाल लिया है। पीएम नफ्ताली ने शपथ ग्रहण के बाद ऐलान किया कि वह देश में अलग-अलग विचार वाले लोगों के साथ मिलकर काम करेंगे। रविवार को इजरायली संसद में हुए मतदान में इजरायल की 120 सदस्यीय संसद 'नेसेट' के 60 सदस्यों ने नफ्ताली बेनेट के पक्ष में और 59 सदस्यों ने विरोध में मतदान किया। इस दौरान एक सदस्य अनुपस्थित रहा। इस तरह बहुत कम बहुमत से नफ्ताली बेनेट इजरायल के प्रधानमंत्री बनने में सफल हुए हैं। बहुत कम बहुमत की वजह से बेनेट सरकार को लगातार दबाव में काम करना पड़ेगा और उनकी सरकार लगातार अस्थिर बनी रहेगी। नई सरकार में 27 मंत्री हैं, जिनमें से नौ महिलाएं हैं। नई सरकार के लिए अलग-अलग विचारधारा के दलों ने गठबंधन किया है। इनमें दक्षिणपंथी, वामपंथी, मध्यमार्गी के साथ अरब समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाली एक पार्टी भी है। येश एतिद पार्टी के मिकी लेवी को संसद का स्पीकर चुना गया है। उनके पक्ष में 67 सदस्यों ने मतदान किया। इजरायल के नए प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट डिफेंस फोर्सेज की एलीट कमांडो यूनिट सायरेत मटकल और मगलन के कमांडो रह चुके हैं।

## नैनो न्यूज

### व्यापारियों पर लगे धारा 188 के प्रकरण वापिस लिये जायः कैट

**ग्वालियर।** कॉन्फेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन, जिला संयोजक दीपक पमनानी, जिला अध्यक्ष रवि गुप्ता ने कहा है कि कोरोना कर्फ्यू के दौरान ग्वालियर जिले के व्यापारियों पर जो धारा 188 के केस लगाये गये हैं उन्हें वापिस लिया जाना चाहिये। इस संबंध में गत दिवस कैट मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने प्रदेश के गृहमंत्री डॉ.नरोत्तम मिश्रा से मुलाकात कर व्यापारियों के मुकदमे वापिस लिये जाने का अनुरोध किया। कैट पदाधिकारियों ने कहा है कि ग्वालियर शहर के ऐसे व्यापारी जिन पर इस दौरान मुकदमे लगे हैं कृपया वे इसकी जानकारी कैट पदाधिकारियों को भेजें ताकि हम राज्य शासन से, मुख्यमंत्री से, गृहमंत्री से उन्हें वापिस लेने हेतु निवेदन कर सकें।

### दीनदयाल रसोई हुई हाइजेनिक, रोटी मेकर मशीन से बनेंगी रोटियां



**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा रोडवेज बस स्टैंड पर संचालित की जा रही दीनदयाल रसोई अब और हाइजेनिक हो गई है यहां पर रोटियां अब रोटी मेकर मशीन से बनेगी जिससे निराश्रित, कामगार एवं जरूरतमंदों के लिये जल्दी ज्यादा से ज्यादा रोटी बनेगी तथा बिल्कुल हाइजीन तरीके से रोटियां तैयार होंगी। नगर निगम ग्वालियर द्वारा दीनदयाल रसोई में ?450000 की लागत से रोटी मेकर मशीन लगवाई गई है। इसी दीनदयाल रसोई से निगम द्वारा संचालित की जा रही चलित दीनदयाल रसोई के लिए भी भोजन तैयार किया जाता है। नोडल अधिकारी दीनदयाल रसोई रजनीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा एवं अपर आयुक्त राजेश श्रीवास्तव के निर्देश पर दीनदयाल रसोई में भोजन के लिए आने वाले आम जनों को सुविधा के साथ स्वच्छता भी मिले इसी उद्देश्य पर निगम द्वारा दीनदयाल रसोई को निरंतर अच्छे से अच्छा अत्याधुनिक करने के प्रयास किए जा रहे हैं। अभी तक दीनदयाल रसोई में रोटियां मैनुअली बनाई जाती थी जिससे कई बार भोजन करने वालों को इंतजार भी करना पड़ता था। अब रोटियां जल्दी जल्दी बनेगी।

### जेसीआई ओस के सदस्यों ने किया रक्तदान



**ग्वालियर।** विश्व रक्तदान दिवस पर आज दिनांक 14 जून को जेसीआई ग्वालियर द्वारा का रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जेसीआई ओस के सदस्य जेसी प्रिया बाबरा द्वारा रक्तदान किया गया। अतिथि के रूप में जेए हॉस्पिटल ब्लड बैंक समूह की प्राध्यापक श्रीमती ज्योति प्रियदर्शनी एवं विशेष अतिथि एवं कंसलटेंट अरुण जैन रहें इस अवसर जेसी प्रिया बाबरा, जेसी डॉक्टर मोनिका मित्तल कोषाध्यक्ष, जेसी प्रतिभा मित्तल, जेसी भूपेश भारद्वाज शादी उपस्थित रहे रक्तदान करने के उपरांत, रक्त दानदाता को, ब्लड बैंक द्वारा, पेय पदार्थ ग्लूकोज, एवम अभिप्रमाणित, प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। अंत में वहां उपस्थित जन द्वारा ये संकल्प दोहराया गया कि रक्तदान के लिए अपने आसपास के लोगों को प्रेरित किया जावेगा।

## हादसे में पूर्व विधायक के भतीजे की मौत

# एक्टिवा से ड्यूटी के लिए गांव जा रहा था, रॉन्ग साइड से आई बाइक ने मारी टक्कर, अस्पताल से 100 मीटर दूर सड़क पर तोड़ा दम

**ग्वालियर।** घर से ड्यूटी के लिए निकले पूर्व विधायक के भतीजे की एक्टिवा में रॉन्ग साइड आए बाइक सवारों ने टक्कर मार दी। हेलमेट पहने होने के बाद भी एक्टिवा सवार को माथे में गंभीर चोट लगी। 100 मीटर की दूरी पर हॉस्पिटल था, लेकिन कोई मदद के लिए आगे नहीं आया। घायल ने ही फोन कर हादसे की सूचना परिजन को दी। परिजन स्पॉट पर पहुंचे। उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना सोमवार सुबह गोला का मंदिर इलाके की है।



उपनगर मुरार के मुखर्जी नगर निवासी गौरव हर्षाना (34) पुत्र आशाराम हर्षाना पंचायत सचिव था। वह मुरैना के रानसू गांव में पदस्थ था। गौरव, सिंधिया समर्थक व पूर्व विधायक रामवरन सिंह गुर्जर का भतीजा था। सोमवार सुबह वह घर से एक्टिवा नंबर M P07 SJ-6193 को लेकर ड्यूटी के लिए गांव जा रहा था। वह सूर्य मंदिर से पिंटो पार्क की तरफ आगे ही बढ़ा था, तभी रॉन्ग साइड में आए बाइक नंबर MP07 NE-2284 के चालक ने सामने से गौरव की गाड़ी में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही गौरव उछलकर दूर गिरा। बाइक पर सवार तीनों युवक भी गिर गए। माथे में चोट लगने के कारण गौरव वहीं पड़ा रह गया। घटना के बाद आसपास से कई लोग गुजरे, लेकिन किसी ने मदद नहीं की, जबकि 100 मीटर दूर एक बड़ा हॉस्पिटल था। बेहोश होने से पहले गौरव ने मोबाइल से घर पर कॉल कर सूचना दी। इसके बाद बड़ा भाई सोनू पहुंचा। उसे अस्पताल लेकर गए, तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। दूसरी बाइक पर सवार युवक भी घायल हुए हैं।



**हेलमेट पहने था फिर भी लगी माथे पर चोटः** गौरव ने घर से निकलते समय हेलमेट भी पहन रखा था। उसका हेलमेट ओपन वाला था। आगे से वह खुला था। यही कारण रहा कि जब वह गिरा, तो माथे पर चोट आई और खून भी निकला। जिस कारण मौत हो गई।

**8 दिन पहले दोस्तों ने किया था बर्थ डे सेलिब्रेशनः** गौरव मिलनसार था, इसलिए उसकी दोस्ती भी अच्छी थी। चार साल पहले ही शादी हुई है। 2 साल की एक बेटी भी है। 8 दिन पहले 6 जून को उसका 34वां बर्थडे था। दोस्तों ने हमेशा की तरह माला पहनाकर उसका स्वागत किया था। केक काटकर फेसबुक पर फोटो भी अपलोड किए थे।

### टीकाकरण ही कोरोना की ढाल है, इस कार्य में एमपीसीसीआई का सहयोग सराहनीय हैः शेजवलकर

**ग्वालियर।** म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री (एमपीसीसीआई) द्वारा विगत 6 अप्रैल से निरंतर आयोजित किए जा रहे कोविड-19 वैक्सीनेशन शिविर के आज 50वें दिवस पूर्ण होने पर वैक्सीनेटर्स का उत्साहवर्धन करने व उन्हें सम्मानित करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया7 इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि-सांसद विवेक नारायण शेजवलकर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्वालियर पूर्व के विधायक-जिलाधीश-ग्वालियर विक्रम ग्वालियर वैश्य, सीएमएचओ-डॉ. मनीष शर्मा, डीआईओ-डॉ. आर. के. गुप्ता, डॉ. अशोक खरे उपस्थित रहे एमपीसीसीआई अध्यक्ष-विजय गोयल द्वारा इस अवसर पर अतिथियों के सम्मान में स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि हमारे द्वारा 6 अप्रैल को जब वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया था।

## ट्रामा सेंटर के डॉक्टरों की बेहद लापरवाही के चलते मरीज की जिंदगी के साथ के खिलवाड़ जान जाने का खतरा



### ड्यूटी पर पदम डॉक्टर पर उठे सवाल

**सुरजीत राजावत पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर के ट्रामा सेंटर के डॉक्टर मरीज मातापरशाद के परिवार वालों के आरोप यह दर्शाता है की सिटी स्कैन की रिपोर्ट ना आने से पहले मरीज को भगा देना और नॉर्मल बताकर गुमराह कर देना अगर ऐसे पेशेंट की जान जाती है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा यह सवाल हॉस्पिटल के डॉक्टरों के रवैया पर सवाल उठता है अजीब घटना सामने आई यह घटना तब सामने आई जब मुरार तहसील जिला ग्वालियर थाना बिजौली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम ह्यह्वठ्ठड्डह्लश्चह्वह्लड्ड माफी मैं सरकारी हेड पंप पर पानी भरने के विवाद को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया । 4ञ्30 बजे राहुल त्वह्वह्लद्गड्डह्ल पानी भरने हेड पंप पर पहुंचा तो वहां पर बैठा रामकुमार गुर्जर उसको मां बहन की वर्दी वर्दी गाली देने लगा राहुल ने आवाज लगाई तो उसके पिता माता प्रसाद सिंह आ गए तो उन्होंने गाली गलौज देने से मना किया इतने में रामकुमार के बड़े भाई बंटी उर्फ बालेंद्र शैलेंद्र सुप्रीम अनुराग और परिवार के अन्य लोग आ गए जिन्होंने लाठी नुकीले सरियों से जान से मारने की नियत से हमला किया इसके साथ मैं ही मातापरशाद के छोटे भाई तहसीलदार सिंह को भी गंभीर चोटें आई और मातापरशाद के लड़का कौशलेंद्र भी मौके पर आ गया जिन्होंने अपने पापा भाई को बचाने की कोशिश की जिसमें उन्हें भी गंभीर चोटें आई हैं इस घटना की रिपोर्ट बिजौली थाने पहुंच कर कौशलेंद्र ने की तब उन्हें मुरार हॉस्पिटल रिफर किया गया मुरार हॉस्पिटल हल्का-फुल्का ट्रीटमेंट देकर उनकी सीरियस हालत देखते हुए उन्हें ग्वालियर ट्रामा सेंटर के लिए रेफर किया गया 10ञ्00 बजे के करीब ग्वालियर ट्रामा सेंटर पहुंचे वहां पर पदस्थ डॉक्टर साहब ने उन्हें भर्ती नहीं किया हल्का फुल्का इलाज कर उनकी स्कैन की रिपोर्ट नॉर्मल बताकर वहां से उन्हें जाने के लिए कहा जब उन्होंने मरीज की हालत को देखते हुए डॉक्टर से कई बार रिक्वेस्ट की निवेदन किया डॉक्टर साहब ने मरीज के परिवार वालों की एक बात नहीं मानी जिसमें डॉक्टर साहब ने परिवार वालों को गुमराह करते हुए कहा कि इनके कोई गंभीर चोट नहीं है और सिटी स्कैन की रिपोर्ट 3 दिन बाद मिलेगी आप अपने घर ले जाएं इन्हें भर्ती करने की जरूरत नहीं है जिसमें मातापरशाद के पैर में फ्रैक्चर बताते हुए उस पर कच्चा प्लास्टर चढ़ाकर और कौशलेंद्र के हाथ में फैक्चर बता क कच्चा प्लस तक चढ़ाकर उन्हें रात को 2ञ्00 बजे वहां से भगा दिया डॉक्टर साहब की मनमानी के चलते मातापरशाद के परिवार वाले डॉक्टर साहब के आगे हाथ जोड़कर निवेदन करने पर भी डॉक्टर साहब ने उन्हें वहां से भगा दिया जब वह गांव पहुंचे उन्होंने प्राइवेट इलाज करवाया फिर भी मातापरशाद स्ब्ठ्ठद्दद्ध त्वह्वह्लद्गड्डह्ल की हालत बिगड़ती चली गई जिसके चलते उन्हें 12 /6/2021 को सुबह परिवार हॉस्पिटल सात नंबर ग्वालियर मैं भर्ती किया गया तो मातापरशाद स्ब्ठ्ठद्दद्ध की हालत काफी सीरियस देखते हुए उन्हें आईसीयू मैं भर्ती किया गया और उनकी सिटी स्कैन करवाई तो आज 14/6 /2021 को जो सिटी स्कैन रिपोर्ट आई है उसमें बताया गया है कि मातापरशाद स्ब्ठ्ठद्दद्ध के गंभीर चोट है सर में गहरी चोट और खून का जमाव होने के कारण उनकी जान जाने का खतरा बताया है।

इस बात से यही स्पष्ट होता है कि ट्रामा सेंटर के डॉक्टर साहब ने आरोपी पार्टी से रिश्वत लेकर ऐसी नॉर्मल एमएलसी बनाने के लिए मातापरशाद स्ब्ठ्ठद्दद्ध त्वह्वह्लद्गड्डह्ल की जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया था अब डॉक्टर साहब की कार्यशैली पर स्पष्ट दर्शा दर्शाता है की डॉक्टर साहब मनमानी करते हैं उनके ऊपर कोई किसी प्रकार का का सीनियर डॉक्टरों का डर नहीं है बेवकूफ हैं आम इंसान की जिंदगी से कोई प्रेम नहीं है वह मरीजों के साथ दुश्मनों की तरह पेश आते हैं उन्हें बात करने की तमीज नहीं है बदतमीजी भरी बातों से मरीज काफी परेशान रहते हैं डॉक्टर साहब के रवैया से हॉस्पिटल की कार्यशैली पर सवाल उड़ता है की अगर हॉस्पिटल के डॉक्टर इस प्रकार से मरीजों के साथ दुर्व्यवहार भ्रष्टाचार में लिप्त रहेंगे गरीब असहाय लोगों का भला कैसे होगा।

## 12वीं का छात्र तिजोरी से ले गया 4 लाख के गहने और 60 हजार रुपए नकद, मोबाइल लोकेशन से तलाश रही पुलिस

**ग्वालियर।** मां से बहस होने के बाद 12वीं का छात्र घर से चला गया। जब वह लौटकर नहीं आया, तो परिजन को चिंता हुई। परिजन के पैरों तले जमीन उस समय खिसक गई, जब उन्होंने तिजोरी से 4 लाख के पुश्तैनी गहने, 60 हजार रुपए नकद गायब देखे। घटना एक दिन पहले बहोड़ापुर इलाके की है।

मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। छात्र अपने बड़े भाई का फोन भी ले गया है। छात्र बार-बार मिस्ड कॉल कर रहा है। परिजन कॉल कर रहे हैं, तो रिसीव नहीं कर रहा। बहोड़ापुर के दाने वाले बाबा मंदिर इलाके में रहने वाला 19 वर्षीय राहुल (बदला हुआ नाम) 12वीं का छात्र है। एक दिन पहले घर में किसी बात पर उसे मां ने डांट दिया। जिस पर उसकी बहस हो गई। कुछ देर बाद वह घर से बिना बताए चला



गया। मां को लगा कि नाराज होकर गया है लौट आएगा, लेकिन वह काफी देर तक नहीं लौटा। घटना की गंभीरता का अहसास उस समय हुआ, जब घर से लाखों के गहने और नकदी भी गायब थी। इसके बाद परिजन ने तलाश शुरू की। साथ ही, बहोड़ापुर थाना पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई।

### भाई का मोबाइल ले गया

लापता छात्र गहने व नकदी के अलावा बड़े भाई का मोबाइल भी ले गया है। इस नंबर से 7-8 बार मिस्ड कॉल भी आए हैं, लेकिन जब भाई कॉल करता है, तो वह रिसीव नहीं कर रहा। हो सकता है छात्र डराने के लिए ऐसा कर रहा हो या यह भी हो सकता है कि वह मुसीबत में हो।

### गहने, कैश होने से स्थिति गंभीर

मामले में परिजन लगातार तलाश कर रहे हैं। पुलिस में शिकायत की, लेकिन बाद में शिकायत वापस करने की कह रहे हैं। इस पर ञ्जढ्ढ बहोड़ापुर अमर सिंह सिकरवार का कहना है, लोकेशन से छात्र का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं। उसके पास गहने और कैश होने के कारण मामले को हलके में नहीं ले सकते।







# टीकाकरण ही कोरोना की ढाल है, इस कार्य में MPCCI का सहयोग सराहनीय हैः सांसद श्री शेजवलकर

**पुष्पांजली टुडे, ग्वालियर।**

**वैक्सीनेशन अभियान में चेम्बर ऑफ कॉमर्स का सहयोग ग्वालियर के अंतिम व्यक्ति को वैक्सीन लगने तक अपेक्षित हैः कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह**

**MPCCI में आयोजित किए जा रहे वैक्सीनेशन शिविर के 50 दिवस पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित**

ग्वालियर 14 जून म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री (MPCCI) द्वारा विगत 6 अप्रैल से निरंतर आयोजित किए जा रहे कोविड-19 वैक्सीनेशन शिविर के आज 50वें दिवस पूर्ण होने पर वैक्सीनेटर्स का उत्साहवर्धन करने व उन्हें सम्मानित करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि-सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्वालियर पूर्व के विधायक-डॉ. सतीश सिकरवार सहित जिलाधीश-ग्वालियर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, एडीएम ग्वालियर-श्री रिंकेश वैश्य, सीएमएचओ-डॉ. मनीष शर्मा, डीआईओ-डॉ. आर. के. गुप्ता, डॉ. अशोक खरे उपस्थित रहे



MPCCI अध्यक्ष-विजय गोयल द्वारा इस अवसर पर अतिथियों के सम्मान में स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि हमारे द्वारा 6 अप्रैल को जब वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया था तब लोगों के मन में वैक्सीन को लेकर भ्रम था इस कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर सांसद जी हमारे बीच पधारे थे और सर्वप्रथम मेरे द्वारा टीकाकरण कराया गया था 5-7 दिवस पश्?चात् ही ग्वालियर में कोरोना महामारी का भयंकर रूप हम सबके सामने आया और अस्पतालों में मरीज तेजी से बढने लगे यहां तक ग्वालियर में बेड की संख्या, दवाएं व ऑक्सीजन आदि कमी होने लगी इस कोरोना महामारी में हमारे सांसद जी ने काफी सक्रिय भूमिका का निर्वाहन किया चेम्बर के वैक्सीनेशन शिविर में हमारे पदाधिकारियों, कार्यकारिणी समिति सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है और इसी के परिणामस्वरूप आज 50 वें दिवस पर हम लगभग 22 हजार लोगों का वैक्सीनेशन कर चुके हैं कोरोना की तीसरी लहर की संभावना विशेषज्ञों द्वारा व्यक्त की जा रही है, इसलिए हम सभी स्वयं, अपने परिजन व अपने यहां कार्यरत लोगों को वैक्सीनेट करायें और मास्क को महामारी के खत्म होने तक अपने जीवन का हिस्सा बनाएं तभी हम इस महामारी पर विजय पा सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे मानसेवी सचिव डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि स्नश्चष्टढ्ढ ने ग्वालियर के अंतिम व्यक्ति को टीका लगने तक शिविर का आयोजन करने का निर्णय लिया है इस कार्य में हमें जिलाधीश ग्वालियर, सीएमएचओ-डॉ. मनीष शर्मा का विशेष सहयोग मिल रहा है हमारे सांसद-श्री विवेक नारायण जी शेजलवकर जो कि हमारी संस्था के सदस्य हैं और 2019 में वे देश की संसद के सदस्य बने यह हमारे लिए गौरव की बात है और हम अपने सांसद जी कसौटी पर खरा उतरेंगे ऐसा हम विश्?वास दिलाते हैं।

### ऑनलाइन च्वॉइस फिलिंग और लॉकिंग 29 जून तक

**ग्वालियर।** देश के एनआईटी, ट्रिपल आईटी और सीएफटीआई में एमटेक के प्रवेश के लिए सेंट्रालाइज्ड काउंसिलिंग फॉर एमटेक/ एमप्लान/ एमआर्क (सीसीएमटी) शुरू हो गई है। जारी शेड्यूल के हिसाब से गेट क्वालिफाई करने वाले स्टूडेंट्स 28 जून तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। ऑनलाइन च्वॉइस फिलिंग और लॉकिंग 29 जून तक होगी। पहले राउंड का सीट अलॉटमेंट 3 जुलाई को होगा। दूसरे राउंड का सीट अलॉटमेंट 14 जुलाई और तीसरे राउंड का सीट अलॉटमेंट 24 जुलाई को होगा। इसके बाद खाली रहने वाली सीटों के लिए 2 अगस्त से स्पेशल राउंड होगा। स्पेशल राउंड के रजिस्ट्रेशन 2 से 9 अगस्त तक होंगे। काउंसिलिंग के माध्यम से एबवी ट्रिपल आईटीएम की एमटेक की 50 सीटों के अलावा देशभर के 57 संस्थानों में 5148 सीट पर प्रवेश मिलेगा।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478